हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 236, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 27 फरवरी, 2024 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

विकसित भारत के युवाओं के सपनों का भारत है : प्रधानमंत्री

अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी, रेलवे स्टेशन व अंडरपास की दी सौगात

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले के रेलवे स्टेशन और दो अंडरपास का ऑनलाइन शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। रेलवे स्टेशन पर रेलवे की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि और शहर के लोग उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि भारत की प्रगति की रेल अब तेजी के साथ चल रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के युवाओं के सपनों का भारत है।



प्रधानमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले यहां पहुंचे स्कूल छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवदत्त भदौरिया और चेयरमैन संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जैसे ही ऑनलाइन प्रक्रिया की औपचरिकता को पूरा किया वैसे ही रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रत तालियों से गूंजने लगा। पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार रेलवे को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस दौरान उन्होंने सपा संरक्षक मुलायम सिंह का नाम लेते हुए कहा कि वो मैनपुरी को अपने परिवार का चरागाह समझते हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिविदत्त भदौरिया ने कहा कि भाजपा की सरकार में रेलवे का भेदभाव रहित विकास हो रहा है। पूर्व में जिस प्रदेश के रेल मंत्री होते थे उसी प्रदेश में रेलवे का अधिक कार्य किया जाता था। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की जो तस्वीर बनाई है उसके लिए उन्हें लंबे समय तक याद किया जाएगा।

रेलवे की ओर से कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए दो बड़ी स्क्रीन के साथ अन्य तैयारियां की गई थीं। वरिष्ठ मंडल इंजीनियर अंकित गुप्ता, सहायक मंडल सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता इटावा अरविंद यादव, सहायक मंडल इंजीनियर फिरोजाबाद अंकित शुक्ला, स्टेशन अधीक्षक एचएस मीणा, रोहित कुमार, उदयभान सिंह, वेदप्रकाश, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एनके शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व चेयरमैन साधना गुप्ता, मंजूषा चौहान, ब्लॉक प्रमुख जागीर मनेश चौहान, सुमन चौहान, प्रमोद बाबा, सीमा चौहान, जीतू वाल्मीकि, प्रदीप राज, अजय पाल सिंह चौहान, वीरेंद्र शाक्य, प्रदीप तिवारी, कविता राठौर, आदि लोग मौजूद रहे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में शहर के सेंट मेरी, सीआरबी सीनियर सकेंडरी स्कूल, अमन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रेलवे द्वारा पिछले 15 दिनों से स्कूलों में पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा था। सोमवार को समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की, 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली। भारत में इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी पार्टियां जोर-शोर से प्रचार प्रसार कर रही हैं। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को 'संकल्प पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की। इसके साथ ही 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' रथ को हरी झंडी दिखाई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा संकल्प समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि आज 'विकसित भारत - मोदी की गारंटी' विषय को लेकर पूरे देश में वीडियो वैन के माध्यम से 2024 के चुनाव में अगले पांच वर्ष के लिए जो लक्ष्य रखना है उसके लिए जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतकाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने तय किया है कि देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस अमृतकाल में हो रहे कार्यों से संबंधित सभी बातों को भारत की जनता के सामने रखेंगे।

पीएम मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद वरुण गांधी, तारीफ कर जताया आभार

पीलीभीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअली शिलान्यास किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर 16.7 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाने हैं। स्टेशन पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद वरुण गांधी समेत भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत व रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम नेताओं ने सांसद वरुण गांधी का स्वागत किया। सांसद वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। पीलीभीत स्टेशन पर विकास कार्यों के शिलान्यास के लिए आभार जताया। सांसद ने कहा कि जिले के लिए मजबूत उपलब्धि है। न्होंने कहा कि हमारा देश तेजी से तरक्की कर रहा है। पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया 18 ऐसे देश हैं, जिनके अध्यक्ष या प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति भारतीय मूल के हैं। हमारे देश में मेहनत, हिम्मत और प्रतिभा की कमी नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्ति अवसर उपलब्ध कराएं जाएं।

स्टेशन पर कराए जाएंगे ये काम- सकुर्लेटिंग परिसर का विस्तार किया जाएगा। यातायात की व्यवस्थाओं में सुधार होगा। स्टेशन परिसर में बागवानी और अन्य काम कराए जाएंगे।

- पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। तिपहिया वाहनों के लिए अलग लेन बनेगी। यात्रियों को भी अपने वाहन खड़े करने में सहूलियत मिलेगी।

- स्टेशन परिसर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। सौर पैनल व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी।

- यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक शौचालय और प्रतीक्षालय में काम कराए जाएंगे।

- स्टेशन के कार्यालयों की ऊंचाई स्तर को सुधारा जाएगा। जिससे कार्यालय, प्लेटफार्म की ऊंचाई के बराबर होंगे।

- जलापूर्ति के लिए 30 हजार लीटर क्षमता की टंकी और दो वाटर हाईड्रेंट भी बनाए जाएंगे।

- मोबाइल चार्जिंग की बेहतर व्यवस्था होगी। पैदल ओवरब्रिज व परिसर में जगह-जगह साइनेज व एलईडी स्क्रीन लगेंगी।

- प्लेटफार्म नंबर-एक पर फुट ओवरब्रिज के पास एक्सेलेटर सीढ़ियां भी बनेंगी।

दिसंबर तक पूरा होगा काम- वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के मुताबिक अमृत भारत योजना से कराया जाने वाला काम दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। काम पूरा होने पर पीलीभीत रेलवे स्टेशन नए लुक में नजर आएगा।

उदास कर गए गजल सम्राट पंकज, 72 वर्ष की उम्र में निधन

प्रखर डेस्क। लेजेंडरी सिंगर पंकज उधास का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। पंकज की बेटी नायाब उधास ने सिंगर की मौत की खबर शेयर की है। पोस्ट में उन्होंने लिखा- बहुत दुख के साथ हमें ये आपको बताना पड़ रहा है कि पद्मश्री पंकज उधास का 26 फरवरी 2024 को निधन हो गया है। वो लंबे समय से बीमार थे। पंकज उधास के पीआर ने बताया कि सिंगर का निधन 26 फरवरी की सुबह करीबन 11 बजे ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुआ था। लंबे समय से वो बीमार थे। बीते कई दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी. सिंगर के निधन की न्यूज पता चलने के बाद म्यूजिक जगत में मातम पसरा हुआ है। पंकज जैसे गजल गायक का यूं दुनिया छोड़ जाना फैंस को गमगीन कर गया है। हर कोई सोशल मीडिया पर नम आंखों से सिंगर को आखिरी श्रद्धांजलि दे रहा है।

ट्रैक्टरों की लंबी कतारें, किसान बोले-दिल्ली दूर नहीं, हाईवे पर गुड़गुड़ाया हुक्का, जमी चौपाल

मुजफ्फरनगर। पंजाब बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने, एमएसपी पर गारंटी कानून बनाए जाने समेत कई मांगों को लेकर सोमवार को भाकियू कार्यकर्ता विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंककर प्रदेश भर में हाईवे जाम कर रहे हैं। मेरठ में एनएच-58 पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया जा रहा है। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि दोपहर 11:30 बजे संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सभी जिलों में हाईवे पर किसान जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरठ में भाकियू कार्यकर्ता एनएच-58 स्थित कैलाशी अस्पताल के सामने, सकौती व मोहिउद्दीनपुर में रोड जाम कर दोपहर बाद पुतला दहन किया जाएगा। बागपत जनपद में किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर पहुंच गए। यहां भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास धरने पर बैठे हैं। इस दौरान हाईवे पर ही किसानों की चौपाल लगी है। भाकियू नेता किसानों को संबोधित कर रहे हैं। दिल्ली बॉर्डर पर हरियाणा व पंजाब के किसान एमएसपी की मांग को लेकर काफी दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी को समर्थन देने के लिए आज पश्चिमी यूपी से शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। मेरठ में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं में कंकरखेड़ा में एलआईसी ग्राउंड के सामने हाईवे पूरी तरह जाम कर दिया। कहा कि तानाशाह सरकार किसानों का दमन कर रही है। किसानों को उनकी फसल का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकार किसान पर निशाना साध रही है। वही भाकियू नेता बबलू जिटोली ने कार्यकताओं के साथ चोली कट पर हाईवे पर जाम लगा दिया। भाकियू नेता ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो दिल्ली दूर नहीं है। मुजफ्फरनगर के खतौली में गांव भंगेला के सामने भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने सड़क पर ट्रैक्टर खड़े कर हाईवे का एक तरफ का यातायात रोक दिया। हाईवे के दूसरी साइड पर वाहनों का जाम लग गया है। सीओ पुलिस बल के साथ व्यवस्था में जुटे हुए हैं। वहीं किसान हाईवे पर ही बिछौना बिछाकर हुक्का गुड़गुड़ा रहे हैं।

'आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका

नई दिल्ली। तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे। जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है।' जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा।

दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा।

बनेगी भारतीय नौसेना का प्राथमिक हथियार बदली जाएंगी सभी पुरानी मिसाइलें : नौसेना प्रमुख

पुणे। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारतीय नौसेना के प्राथमिक हथियार बनेगी, ये अन्य देशों से प्राप्त मिसाइलों की जगह लेगी। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने यह दावा किया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि सतह से सतह पर मार करने वाले मिसाइल हथियार के रूप में अब ब्रह्मोस हमारा प्राथमिक हथियार होगा।

साथ ही वायु सेना और हवाई लड़ाकू विमानों के पास भी हवा से सतह पर मार करने वाला यह प्राथमिक हथियार होगा। नौसेना प्रमुख की यह टिप्पणी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा 200 से अधिक ब्रह्मोस मिसाइलों के सौदे को मंजूरी देने के तुरंत बाद आई है। ये मंजूरी पांच मार्च को 19,000 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत 200 से अधिक ब्रह्मोस मिसाइलों के सौदे को लेकर दी गई थी। उन्होंने कहा कि ब्रम्होस की रेंज और क्षमताओं को विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अपग्रेड होने के बाद यह हमारा मुख्य आधार बनने जा रहा है। इसी के चलते हम अपनी सभी पुरानी मिसाइलों की जगह ब्रम्होस को शामिल कर रहे हैं। इस दौरान एडमिरल ने इसके मेड इन इंडिया होने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस भारत में बनी है, इसका एक बड़ा लाभ है। नौसेना प्रमुख ने कहा, 'यह एक बहुत ही शक्तिशाली मिसाइल है, और यह रेंज क्षमता आदि में भी विकसित हो रही है। और एक बड़ा तथ्य यह है कि यह भारत में बना है, इसलिए हम किसी और पर निर्भर नहीं हैं। इसकी मरम्मत यही आसानी से की जा सकती है। हमारे पास ही इसके स्पेयर उपलब्ध है। इसलिए यह एक बड़ा फायदा है। नौसेना प्रमुख ने पुणे में डिफेंस एक्सपो के समापन समारोह के मौके पर यह बात कही। वे सोमवार को पुणे में डिफेंस एक्सपो पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न रक्षा विनिर्माण एमएसएमई उद्योगों के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत बनने के भारत के मिशन में एमएसएमई के महत्व पर भी वार्ता की।

नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज ने रचा इतिहास, पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम चुनी गई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व सीएम नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम चुनी गई हैं। इसके साथ ही मरयम नवाज ने इतिहास रच दिया है क्योंकि मरयम नवाज पंजाब की पहली महिला सीएम हैं। मरयम नवाज को 220 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार राना आफताब अहमद को हराया। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों ने वोटिंग का बहिष्कार किया, ऐसे में राना आफताब अहमद को कोई वोट नहीं मिला। संख्याबल के हिसाब से मरयम नवाज का पंजाब की सीएम बनना तय था। पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ सीएम पद को लेकर मतदान होगा और असेंबली के किसी सदस्य को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके बाद हुए मतदान में मरयम नवाज ने आसानी से जीत हासिल की। इससे पहले पंजाब असेंबली के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें 371 सदस्यों में से 321 सदस्यों ने शपथ ली। पंजाब असेंबली के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव में भी नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को ही जीत मिली। पीएमएल-एन के मलिक मोहम्मद अहमद खान स्पीकर चुने गए और उन्हें 224 वोट मिले। वहीं मलिक जहीर चानेर को डिप्टी स्पीकर चुना गया, जिन्हें 220 वोट मिले। मरयम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरयम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरयम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरयम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

'सत्ता में आए तो अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लाएंगे', खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका 'चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर 'अग्निपथ' योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को वापस लिया जाएगा और पुरानी व्यवस्था बहाल होगी। खरगे ने पत्र में लिखा, 'हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेवाओं-सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए कड़ा संघर्ष किया था।' खरगे ने लिखा , '31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था।

उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये।' 'अग्निपथ योजना के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरावणे ने लिखा है कि अग्निपथ से सेना 'आश्चर्यचकित' हो गई थी।' खरगे ने लिखा, 'यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली है...चार साल की सेवा के बाद अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी ढूंढने के लिए छोड़ दिया जाएगा। इसके बारे में कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि हताशा और निराशा के कारण कई ने खुदकुशी तक कर ली है। उन्होंने लिखा, 'अपने सपने को पूरा करने में उन्हें (अभ्यर्थी) न केवल कई साल लग गए बल्कि 50 लाख आवेदकों में से प्रत्येक को 250 रुपये जमा करने पड़े, जो इन युवाओं से लिए गए 125 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि है। हमारे युवाओं को इस तरह से पीड़ा झेलने नहीं दिया जा सकता। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने की अपील करता हूं कि न्याय हो।' कांग्रेस ने दावा किया है कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो वे अग्निपथ योजना को वापस लेंगे और पुरानी भर्ती योजना को लागू करेंगे। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 'अग्निपथ योजना को लेकर कोई मांग नहीं थी और इससे कोई फायदा नहीं होगा, सिर्फ इससे सरकार के कुछ पैसे बचेंगे। हमारी पार्टी को लगता है कि पुरानी भर्ती योजना को लागू किया जाना चाहिए।' पायलट ने कहा कि सैन्य बलों को आधुनिक बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जा सकते थे, लेकिन पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म करना सही नहीं है। जून 2022 में सरकार ने अग्निपथ योजना पेश की थी।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी, मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

प्रयागराज। ज्ञानवापी, वाराणसी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल अपील पर सुनाया है। इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में जिला जज वाराणसी ने 17 जनवरी को डीएम को रिसीवर नियुक्त कर 31 जनवरी को तहखाने में पूजा करने का आदेश पारित किया था। इंतेजामिया कमेटी ने उसे हाई कोर्ट के समक्ष चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाने में पूजा करने के कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसले के बाद बताया कि इलाहाबाद होईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया के आदेशों की पहली अपील को खारिज कर दिया है। जिसमें वाराणसी जिला कोर्ट से पारित 17 और 31 जनवरी के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाना में चल रही पूजा जारी रहेगी।



संपादकीय

विकास के स्थायी लक्ष्य

ऐसे वक्त में जब आम चुनाव सिर पर हैं और उसके कुछ माह बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव अपेक्षित हैं, हरियाणा का बजट लोकलुभावना होना स्वाभाविक ही था। अपने दूसरे कार्यकाल के इस अंतिम बजट में मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्रालय का भी दायित्व निभाने वाले मनोहर लाल ने हर वर्ग को राहत देने का प्रयास ही किया है। नये कर नहीं लगाए गए और राहत की घोषणाओं का पिटारा खोला गया। जिन वर्गों को प्राथमिकता के रूप में देखा गया, उन्हें खास राहत देने की कोशिश हुई। फसली ऋण पर ब्याज-जुमार्ना माफ करने की घोषणा की गई। राज्य के हर नागरिक को स्वास्थ्य कवच के रूप में बीमा देने का वादा किया गया। शहीदों के परिजनों को एक करोड़ की मदद देना उनके बलिदान को सम्मान देने का सार्थक प्रयास है। निस्संदेह, बजट में उन वर्गों को तरजीह दी गई है जो डबल इंजन सरकारों की प्राथमिकता रहे हैं। समाज में जिन चार जातियों को नरेंद्र मोदी अपनी प्राथमिकता बताते हैं यानी किसान, युवा, महिला और वंचित समाज, वे ही राज्य सरकार के बजट में अहम रहे हैं। निस्संदेह, किसी भी लाभकारी योजना या घोषणा के साथ कई तरह के किंतु-परंतु भी होते हैं और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें भी होती हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार अपने लक्ष्यों को लेकर प्रतिबद्धता जता रही है। जिसके लिये राज्य सरकार ने विकास योजनाओं का एक खाका भी खींचा है। उसके माइक्रो लेवल पर प्रबंधन की कोशिश भी हुई है। निस्संदेह, आम चुनाव के खुमार की तरफ बढ़ते देश में केंद्र व राज्य सरकारों का बजटीय मकसद लक्षित जनसमूहों को प्रभावित करना ही होता है। हालांकि, आम मतदाता के मन में बजट को लेकर यही प्रश्न होता है कि उसकी जेब किस हद तक प्रभावित होगी। यही वजह है कि सरकारें ऐसे मौके पर नये करों से परहेज करके उजली अर्थव्यवस्था के लक्ष्यों की तसवीर उकेरने का प्रयास करती हैं। विभिन्न वर्गों को राहत देने की घोषणा इसी मकसद से बजट में की गई है ताकि चुनावी वैतरणी पार करने में यह मददगार साबित हो। बजट में बेरोजगारी की समस्या को संबोधित करते हुए कौशल विकास को राज्य सरकार ने प्राथमिकता बताया है। जिसके लिये स्टार्टअप फंड सार्थक परिणाम दे सकता है। बेहतर होता कि सरकार राज्य में उद्योग व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये अतिरिक्त प्रयास करती। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता भी बजट में दी गई है, जिसके लिये होलिस्टिक हेल्थ को भी महत्व दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में आयुर्वेद व योग को भी तरजीह दी गई है। जिसमें केंद्र की आयुष्मान भारत के साथ राज्य की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना को भी महत्व दिया गया है। निस्संदेह, ये योजना कमजोर वर्गों के लिये राहतकारी है,क्योंकि वे कम अंशदान से अधिक लाभ गंभीर रोगों के उपचार में उठा सकते हैं। बहरहाल, किसी भी राज्य सरकार को प्रदेश में स्थायी विकास को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए, जिसके चलते राज्य में स्थायी समृद्धि का मार्ग सुनिश्चित हो।

ठीक नहीं घबराना!

साबित ना कर पाए ।
बीत रहा है साल ।।
बोल रहे हैं हमको ।
करते हम बवाल ।।
हट जाओ गठबंधन से ।
है खबर भिजवाया ।।
परेशान कर रहे ।
करने को सफाया ।।
है यदि सच्चाई तो ।
करो सबूत पेश ।।
है सबको मालूम पर ।
हैं कितने विशेष ।।
कर लो थोड़ा इंतजार ।
ठीक नहीं घबराना ।।
हो शायद अब पेश ।
अलग कुछ नजराना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

तलवार की धार पर चल रही है चंपई सरकार, संकटों का दौर खत्म ही नहीं हो रहा

चेतनादित्य आलोक

झारखंड में झामुमो नेता चंपई सोरेन के नेतृत्व में जैसे-तैसे आइएनडीआइए की सरकार भले ही बन गई हो, किंतु सरकार के सिर से राजनीतिक संकट अभी टला नहीं है। दरअसल, कुर्सी जाने की स्थिति में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की जोड़-तोड़ शुरू करने के बाद पार्टी के भीतर शुरू हुआ विरोध रह-रहकर अलग-अलग रूपों में सिर उठा रहा है। हेमंत सोरेन के विरुद्ध सुलगने वाली विद्रोह की यह पहली चिंगारी थी, जो पार्टी के भीतर का असंतोष का भाव, अनुशासनहीनता और बिखराव को रेखांकित करने वाली थी, जिसे हेमंत ने या तो अनदेखा कर दिया अथवा वे उसे समझ ही नहीं पाए। हालांकि वे एक गंभीर तथा चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने वाले राजनेता हैं। इसलिए इस बात की संभावना अधिक लगती है कि उन्होंने विद्रोह की चिंगारी को अनदेखा कर दिया होगा, जिसका बिल्कुल साफ संदेश यह था कि पार्टी के नेताओं की सत्यनिष्ठा तभी तक कायम है, जब तक पार्टी पर शिबू सोरेन या उनके राजनीतिक वारिस हेमंत की पकड़ मजबूत है। तात्पर्य यह कि पार्टी पर सोरेन परिवार की पकड़ कमजोर होते ही झामुमो में खींचतान शुरू हो जाएगी, जैसा कि फिलहाल कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। वैसे हेमंत सोरेन को भी इस बार मालूम हो ही गया कि पार्टी के भीतर नेतृत्व के कई दावेदार मौजूद हैं, जिन्होंने दबी जुबान से मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी ठोंकी भी थी।

बता दें कि पार्टी के भीतर विरोध का पहला स्वर हेमंत सोरेन के घर से ही उठा था, जब उनकी भाभी सीता सोरेन ने साफ-साफ कह दिया था कि हेमंत पत्नी कल्पना की बजाए उन्हें आगे बढ़ाएं, लेकिन हेमंत को यह स्वीकार नहीं था। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस मामले में हेमंत की स्पष्ट सोच थी कि भले ही किसी और को मुख्यमंत्री बनाना पड़े, किंतु अपने सगे भाई की विधवा को वे कतई नहीं बनने देंगे। वैसे सूत्र तो बताते हैं कि कुछ अन्य झामुमो विधायकों ने भी कल्पना सोरेन के नाम पर आपत्ति जाहिर की थी। चार से छह विधायक ईडी की पूछताछ से पूर्व हेमंत सोरेन द्वारा बुलाई गई आइएनडीआइए की आपात और अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक से भी नदारद थे। झारखंड की राजनीति को जानने-समझने वाले जानते हैं कि कभी सुप्रीमो रहे शिबू सोरेन की वाणी ही पार्टी का संविधान और उनका आदेश ही पार्टी का एजेंडा माना जाता था। तब पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में से किसी की ये हिम्मत नहीं होती थी कि वह पार्टी सुप्रीमो के सामने सिर उठाकर बात भी करे। तात्पर्य यह कि शिबू सोरेन का अपने परिवार और पार्टी दोनों पर ही पूर्ण नियंत्रण और दबदबा कायम रहता था। बहरहाल, हेमंत सोरेन ने पार्टी के भीतर सुलगने वाले विद्रोह की चिंगारी को तात्कालिक रूप से दबाने में कामयाबी तो हासिल कर ली, किंतु सच कहें तो यह कभी भी आग का रूप ले सकती है।

इधर आइएनडीआइए गठबंधन के दूसरे प्रमुख घटक दल कांग्रेस के भीतर असंतोष, अनुशासनहीनता और बिखराव का नया दौर झारखंड में देखने को मिल रहा है। बता दें कि चंपई सोरेन की सरकार में हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद से ही मंत्री पद नहीं मिलने की वजह से नाराज चल रहे कांग्रेस के 12 असंतुष्ट विधायकों में से 09 विधायक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर उनके समक्ष अपनी मांगें रखने के लिए 17 फरवरी से दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। गौरतलब है कि कई दिन व्यतीत हो जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो ने मध्य प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को नाराज विधायकों से बातचीत कर उन्हें समझाने की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके बेकार साबित होने के बाद अंततः पार्टी की ओर से केसी वेणुगोपाल को नाराज विधायकों से मुलाकात कर उन्हें समझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। खबरों के अनुसार 20 फरवरी को गांधी परिवार से निकटता रखने वाले केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली में डेरा जमाए सभी 09 विधायकों से मिलकर वन-टू-वन बातचीत की, जिसके बाद नाराज विधायकों का रुख अब नरम बताया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि नाराज विधायकों को अभी कुछ दिन रूकने के लिए कहा गया है, क्योंकि झारखंड के नवगठित मंत्री परिषद् से कांग्रेसी मंत्रियों को अभी हटाने से जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। बहरहाल, इस बात की पूरी संभावना है कि कांग्रेस सुप्रीमो की ओर से नाराज विधायकों को लोकसभा चुनाव से पहले खुश करने की कोशिश की जाएगी। संभावना यह भी है कि उन्हें मनाने के लिए उनसे ऐसे वादे भी किए भी गए हों। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस के भीतर की नाराजगी फिलहाल तो शांत हो गई है, लेकिन यह शांति स्थाई नहीं हो सकती, बल्कि इस बात की अधिक संभावना है कि यह समंदर में आने वाले तूफान के पहले की शांति साबित होगी, क्योंकि झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के अभी 16 विधायक हैं और सभी विधायक मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं। जाहिर है कि कांग्रेस पार्टी के लिए ऐसा कर पाना संभव नहीं है। गौरतलब है कि यदि नाराज विधायकों की मांगें समय रहते मानी गईं, तो पार्टी के भीतर का असंतोष और अनुशासनहीनता एक बड़े बिखराव और टूट का कारण बन सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो चंपई सरकार तलवार की धार पर चलती हुई प्रतीत हो रही है। वैसे विचारणीय तो यह भी है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी ही पार्टी के नाराज विधायकों से तो नहीं मिले, लेकिन झारखंड के सीएम चंपई सोरेन को मिलने के लिए उन्होंने तुरंत समय दे दिया। समझा जा रहा है कि उन्होंने सीएम सोरेन को राज्य में जातीय जनगणना कराने संबंधी राजनीतिक मंत्र भी प्रदान किया है। बता दें कि जातीय जनगणना कांग्रेस के राजनीतिक एजेंडे में पहले से ही शामिल रहा है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, जातीय जनगणना के पक्ष में अपने विचार रखते रहते हैं। वैसे झारखंड विकास मोर्चा से कांग्रेस में शामिल हुए और वर्तमान में कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव पहले से ही झारखंड में जातीय जनगणना कराने तथा पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग करते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने जातीय जनगणना को लेकर सीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसको लेकर यह उम्मीद की जा रही है कि लोकसभा चुनाव के खत्म होते ही झारखंड में जातीय जनगणना कराने का काम शुरू हो जाएगा।

विज्ञान क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी

डॉ. शंकर सुवन सिंह

भारत ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है- सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रूचि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है। प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है।

ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान् विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान् विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान् ब्रह्मा को उपहार स्वरूप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरूप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है।

दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। आधुनिक वायुयान का आविष्कार दो अमेरिकी भाई (राइट ब्रदर्स) ओरविल और विल्बर ने 17 दिसंबर, 1903 को किया था। भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह सभ्यता लगभग 2500 ईस्वी पूर्व दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग मैं फैली हुई थी, जोकि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता मिस्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं से भी अधिक उन्नत थी। वर्ष 1920 में, भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदडो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने वर्ष 1921 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है। मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूर्तियाँ, अन्नागार और बैलगाड़ी हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोज है। मोहन जोदड़ो जिसे मृतकों का टीला भी कहा जाता है। इसकी खोज राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाढ़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति और बुने हुए कपड़े मोहनजोदड़ो सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन भारतीय स्थल शिल्पकारी, भवन निर्माण या वास्तुविद आदि जैसी तकनीकियों के प्रमाण हैं। प्राचीन भारत में सारी तकनीकियां स्वदेशी हुआ करती थी। प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं में तकीनीकी का इस्तेमाल कर स्वदेशिता को बढ़ावा दे सकते हैं। इसका सबसे अच्छा उदहारण आयुर्वेद है। आयुर्वेद शास्त्र का विकास उत्तरवैदिक काल में हुआ था। आयुवेर्दाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है। जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है। ऋग्वेद में ऋचाओं का संकलन है जिनके मंत्रोच्चार से शरीर स्वस्थ्य और स्फूर्तिवान होता है। ऋग्वेद के ज्ञान से भी स्वदेशी हुआ जा सकता है। सामवेद संगीत का संकलन है जो आपको नवीनता देता है। यजुर्वेद में यज्ञ आदि कर्मकांडों का विवरण मिलता है जिससे वातावरण और समाज शुद्ध होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि हिंदू धर्म के चारों वेद स्वदेशी होने का अच्छा उदाहरण हैं। आध्यात्मिक बल पर प्राप्त की गई शक्तियों का सबसे अच्छा उदाहरण पुष्पक विमान और हमारे वेद हैं। अपने देश में निर्मित वस्तु, विचार, अध्यात्म और प्रकृति आदि कारक स्वदेशी होने को परिलक्षित करते हैं। प्राचीन भारत सिर्फ आध्यात्मिक दर्शन के बल पर विकसित था और आज का भौतिक दर्शन के बल पर विकाशशील है। जब भारत में आध्यात्मिक दर्शन, भौतिक दर्शन के साथ कदम मिलाकर चलेगा तब भारत विकासशील से विकसित भारत हो जाएगा। अध्यात्म आपकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है। विज्ञान एक खोज है। खोज, बिना अध्यात्म के सम्भव नहीं है। अध्यात्म विज्ञान को बल प्रदान करता है। वास्को डी गामा ने मई 1498 में भारत की खोज की। वह अटलांटिक महासागर के माध्यम से भारत पहुंचने वाले पहले यूरोपीय थे। वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की यह विज्ञान का हिस्सा है।

एडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया यह तकनीकी या प्रौद्योगिकी का हिस्सा है। कहने का तात्पर्य विज्ञान, खोज (डिस्कवरी) पर आधारित होता है। प्रौद्योगिकी या तकनीकी, आविष्कार पर आधारित होता है। विज्ञान साक्ष्य के आधार पर एक व्यवस्थित पद्धति का पालन करते हुए प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया के ज्ञान और समझ की खोज और अनुप्रयोग है। प्रौद्योगिकी व्यावहारिक उद्देश्यों या अनुप्रयोगों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग है, चाहे वह उद्योग में हो या हमारे रोजमर्रा के जीवन में। इसलिए, मूल रूप से, जब भी हम किसी विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करते हैं, तो हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे होते हैं। थॉमस एडिसन को प्रौद्योगिकी के जनक के रूप में जाना जाता है। गैलीलियो को विज्ञान का जनक कहा जाता है। विज्ञान के विकास से प्रौद्योगिकी का विकास होता है क्योंकि बहुत सारी प्रौद्योगिकियाँ वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित होतीं हैं। 28 फरवरी 1928 को भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव (रमन इफेक्ट) के खोज की घोषणा की थी। अतएव राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष की फरवरी माह के 28 तारीख को मनाया जाता है।

अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले लोग हमारी सेना के आधुनिकीकरण के दुश्मन हैं

नीरज कुमार दुबे

देश इस समय 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है लेकिन बड़े सुनियोजित तरीके से जनता को इस लक्ष्य से भटकाने की और भारत को पीछे धकेलने की कोशिश की जा रही है। किसानों को बहका कर आंदोलन खड़ा कराने के बाद अब सेना में भर्ती की योजना अग्निपथ पर सवाल उठाकर नौजवानों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर समाज में जातिवाद की भावना को उभारने का प्रयास पहले से कर ही रहे हैं। हो सकता है देशवासियों को सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतार कर और देश के संसाधनों को नुकसान पहुँचवा कर विपक्ष के नेताओं के हित सध जायें लेकिन इससे देश वो सब कुछ खो देगा जो पिछले 10 सालों में कड़ी मेहनत से अर्जित किया गया है। सत्ता की लालसा या महत्वाकांक्षा होना जायज है लेकिन देश के हितों की बलि देकर कुर्सी तक पहुँचने की योजना देश के लिए घातक है।

हम आपको याद दिला दें कि सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ जब पेश की गई थी तब भी विपक्ष ने इसके बारे में भ्रम और अफवाहें फैला कर देश को अशांति की आग में झोंक दिया था। लगता है वैसा ही कुछ एक बार फिर करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि

अग्निपथ योजना के बारे में सेना और सरकार युवाओं के भ्रम और इस योजना की विसंगतियां दूर कर इसे दुनिया की सबसे पारदर्शी और उत्कृष्ट भर्ती नीति बना चुकी है। इस नीति से युवा कितने खुश हैं इसका अंदाजा तभी लग गया था जब तीनों सेनाओं में आवेदनों के पुराने सभी रिकॉर्ड टूट गये थे। जो लोग कह रहे हैं कि चार साल की सेवा के बाद नौजवान को फिर से नौकरी की खोज करनी होगी, दरअसल उन्हें पता ही नहीं है कि सरकार और निजी क्षेत्र ने अग्निवीरों के लिए क्या-क्या प्रबंध किये हैं।

देखा जाये तो अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले हमारी सेना के आधुनिकीकरण के भी दुश्मन हैं। इसे उदाहरण के जरिये समझना है तो देखिये कि आज के दौर में बड़े-बड़े महारथियों को युद्ध क्षेत्र में एक एक दिन गुजारना भारी पड़ रहा है। सैन्य रूप से ताकतवर देशों में शुमार रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू किया मगर दो साल बाद भी यूक्रेन को पूरी तरह हरा नहीं पाया है। सर्वाधिक आधुनिक हथियारों से युक्त देश माने जाने वाले इजराइल ने एक आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ अभियान छेड़ा, मगर पांच महीने होने को आये लेकिन इजराइल को जीत नहीं मिली है। भारत में भी कारगिल युद्ध के समय अग्निपथ जैसी भर्ती योजना की आवश्यकता महसूस की गयी थी। लाल सागर में देख लीजिये कैसे हूती विद्रोहियों ने अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देशों की नाक में दम कर रखा है। आप नजर दौड़ाएंगे तो पाएंगे कि ऐसे ही अनेकों उदाहरण विश्व के कोने-कोने में भरे पड़े हैं। यह सब उदाहरण इस बात की आवश्यकता पर जोर देते हैं कि सैन्य मामलों में हर देश को आत्मनिर्भर होना चाहिए और सेना के जवान इस आधुनिक युग के युद्धों से लड़ने के अलावा भविष्य के युद्धों से लड़ने के योग्य और विशेष रूप से प्रशिक्षित होने चाहिए। अग्निपथ योजना पर सवाल उठा रहे विपक्षी दलों को समझना होगा कि अगर भविष्य की तैयारी करनी है तो हमें खुद में निरंतर बदलाव करते रहना होगा। देखा जाये तो भविष्य में हम ऐसे परिदृश्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां अदृश्य दुश्मनों के खिलाफ संपर्क रहित युद्ध होगा और देश को एक चुस्त और सुप्रशिक्षित युवा सेना की आवश्यकता है। बहरहाल, यहां इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान भी कांग्रेस ने सेना से जुड़े मुद्दों को लेकर राजनीति शुरू की थी और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। 2019 में पुलवामा हमले का जब भारतीय वायुसेना ने बदला लिया था तो विपक्षी दलों ने इसके सबूत मांगे थे। यही नहीं, राफेल लड़ाकू विमान सौदे में घोटाले का आरोप लगाकर प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां की गयी थीं और चुनावों के समय भरसक प्रयास किया गया था कि देश में इस विमान सौदे के खिलाफ माहौल बने ताकि सरकार इसे रद्द करे। अब जब 2024 के लोकसभा चुनाव सामने हैं तो कांग्रेस ने अग्निपथ योजना को बड़ा मुद्दा बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। विपक्ष को समझना चाहिए कि सेना से जुड़े मुद्दों को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। देश की सुरक्षा ऐसा मुद्दा है जिससे कतई समझौता नहीं किया जा सकता। देखा जाये तो भविष्य में भी देश को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ आने वाली पीढ़ी की ही नहीं बल्कि आज की पीढ़ी की भी जिम्मेदारी है। भविष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मजबूत बुनियाद और अवसंरचना बनाने के लिए यदि आज की पीढ़ी को अपने हितों की कुछ तिलांजलि देनी भी पड़े तो यह भी एक प्रकार से देशसेवा ही है।

संघर्ष आमंत्रण है प्रगति का जो करता है वही आगे बढ़ता है : अनुप्रिया पटेल

विकास भवन के आडिटोरियम में मिशन रोजगार के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

मीरजापुर। विकास भवन के आडिटोरियम में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश के विभिन्न विभाग में प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों से चयनित अभ्यर्थी आयुष विभाग के 17, विद्युत विभाग के 63, स्वास्थ्य विभाग के एक, कुल 81 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मण्डलायुक्त डा0 मुथुकुमार स्वामी बी0, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार उपस्थित रहें।

इस अवसर पर मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग विभागों के 81 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जिसमें आयुष विभाग के 17, विद्युत विभाग के 63 एवं स्वास्थ्य विभाग में डेंटल सर्जन का एक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है आप सभी युवाओं को बहुत सारी ढेर सारी शुभकामनाएं एवं अभिनंदन। मा0 केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार आपसी समन्वय बनाकर डबल इंजन की गति से देश व प्रदेश के विकास को नई गति नई राह दिखाने का कार्य कर रही है किंतु जब देश व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना होता है तो उसका विजन होना चाहिए सरकार की क्या प्राथमिकताएं हैं यह तय होना चाहिए और मुझे प्रसन्नता है कि हमारी सरकार चाहे केंद्र में हो या प्रदेश में दोनों ही सरकारों की प्राथमिकता सूची में एक स्थान हमारे युवाओं के लिए आरक्षित है और यही कारण है कि भारत सरकार और राज्य सरकार निरंतर युवाओं के सपने को पूर्ण करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 10 लाख युवाओं को नौकरी देने के लिए मिशन इंप्रूवमेंट के तहत रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है देश के कोने-कोने में निरंतर इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है और

प्रत्येक आयोजनों में देश के विभिन्न स्थानों पर जब इन मेलों का आयोजन होता है तो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभागों के तहत नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को हजारों की संख्या में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रयास सरकार नौकरी देने का यह भी है क्योंकि सरकारी नौकरी हमारे समाज में जुड़ी एक प्रतिष्ठा है आम सामान्य परिवार की कहीं न कहीं यह आकांक्षा होती है कि घर में युवा को सरकारी नौकरी मिल जाए। उन्होंने कहा कि इस अभिलाषा की पूर्ति के लिए भी भारत सरकार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी की संख्या सीमित है भारत जैसा देश दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और उसमें 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है और इतने बड़े युवाओं की आबादी है उसकी आकांक्षाओं की पूर्ति केवल सरकारी नौकरी के माध्यम से नहीं हो सकती इसलिए रोजगार के भी तमाम अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आप जैसे युवा देश के कोने-कोने में रहने वाले आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के सामर्थ्य पर पूरा-पूरा भरोसा है क्योंकि आज इस पोस्ट स्टार्टअप सेक्टर आदि प्रत्येक सेक्टर में हमारे युवाओं ने अपनी उपलब्धियां से कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मा0 केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं में जो साम्र्थ्य है वह दुनिया को प्रभावित कर रहा है और इस सामर्थ्य को फलने फूलने के अवसर व बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है और इसको तैयार करने का कार्य भारत सरकार और प्रदेश सरकार निरंतर कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में देश में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है बड़े पैमाने पर हाईवे, रेल नेटवर्क, इंटरनेट कनेक्टिविटी, एयरपोर्ट, मेट्रो आदि सभी बड़े पैमाने पर विकसित किया जा रहा है ताकि युवाओं के सपनों को नहीं उड़ान मिल सके। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है और दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी व्यवस्था वाला देश है और हमारा लक्ष्य है कि अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दिखाएंगे। मा0 केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी इकोनामी रोजगार के कितने बड़े पैमाने पर अवसर पैदा होंगे जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश की इकोनामी की रफ्तार देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और इकोनामिक को बड़ा करने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करना आदि कार्य हमारी सरकार युवाओं के आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए निरंतर कर रही है और उसी क्रम में मिशन रोजगार का संचालन प्रदेश सरकार के द्वारा किया जा रहा है और मिशन रोजगार के तहत मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना कि जो भी हमारे आयोग हैं उन सभी में चयन की प्रक्रिया परीक्षाओं की भर्ती आदि इन सभी प्रक्रियाओं को निष्पक्ष पारदर्शी बनाकर अधिक से अधिक युवाओं के भविष्य को उज्जवल करने का प्रयास कर रहे हैं एक समय सीमा बद्ध तरीके से नियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है और इसी क्रम में आज बड़ी संख्या में पूरे उत्तर प्रदेश के नौजवानों को अलग-अलग विभागों के नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं और इसी क्रम 81 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

भारत का संस्कार, संस्कृति तथा सनातन धर्म का सम्मान करने का दिया संदेश : विधायक

बदलापुर (जौनपुर)। अरबियन देश बहरीन में आयोजित यूपी महोत्सव के मुख्य अतिथि विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने भगवा ध्वज फहराते हुए जय श्री राम का जोरदार उद्घोष किया। उन्होंने लोगों को अपने देश का संस्कार , संस्कृति व सनातन धर्म की सदैव रक्षा करने का संदेश दिया। उन्होंने राजधानी मनामा में श्री नाथजी का मंदिर में दर्शन- पूजन किया।उन्होंने बताया कि जल्द ही बहरीन में भी मन्दिर बनने जा रहा है इसके लिए जमीन आवंटित हो चुकी है । ट्रस्ट के बुलावे पर सभी ने स्वामी नारायण मन्दिर में दर्शन पूजन किया साथ ही ट्रस्ट के लोगो ने सभी का भव्य सम्मान किया। अरब देश बहरीन के शहर मनामा में उत्तर प्रदेश परिवार द्वारा आयोजित यूपी महोत्सव में विधायक रमेश चन्द्र मिश्र के साथ, विधायक शलभमणि त्रिपाठी व भारत के राजदूत बिनोद जैकब, शामिल थे। यूपी परिवार के सभी सदस्य - प्रमोद तिवारी ,, शैलेंद्र राय , सतेन्द्र सिंह , प्रचुर शुक्ला विश्वजीत पांडे , बीएल विश्वकर्मा , रेखा मिश्रा , अरशद खान , विशाल सक्सेना अखिलेश त्रिपाठी आदि लोगों ने सब का स्वागत किया। बहरीन में रहने वाले उत्तर भारतीय समाज और प्रवासी भारतीय, उद्योगपतियों से मुलाकात करके उन्हे पहले के उत्तर प्रदेश की स्थिति और वर्तमान के उत्तर प्रदेश में हुए बदलाव और सरकार की नीतियों से अवगत कराया। सभी से उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आग्रह किया।

संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने पूतला फूक जताया विरोध प्रदर्शन

सकलडीहा। सकलडीहा तहसील के एक वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ शुक्रवार को एक सपा नेत्री द्वारा किये गये दुर्व्यवहार को लेकर संयुक्त बार के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। आरोप है कि सपा नेत्री के कार से अधिवक्ता को धक्का मार मारा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। जिसकी शिकायत कोतवाली में किया गया। कोई कार्रवाई नही होने पर संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सपा नेत्री सहित सपा मुखिया का पूतला फूंक विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने चेताया कि कोतवाल को हटाने तक और सपा नेत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर काफी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में जुलूस निकालकर भड़ास निकाला। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवकुमार प्रजापति शुक्रवार को दवा लेने के लिये तहसील से जा रहे थे। कस्बा स्थित एक मंदिर के समीप चहनिया की ओर से सपा नेत्री की कार से टक्कर होगया। जिससे अधिवक्ता गिर गये। आरोप है कि उल्टे सपा नेत्री अधिवक्ता के साथ दुर्व्यहार करते हुए कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंच गयी। सूचना पर तहसील के दर्जनो अधिवक्ता भी कोतवली पहुंचकर सपा नेत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिये लिखित शिकायत दिया। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।यदि शीध्र कार्रवाई नही हुआ तो अधिवक्ता अनवरत आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष मनोज पांडेय, महामंत्री उपेन्द्र नारायण सिंह, बार अध्यक्ष अंगद कुशवाहा, महामंत्री उमाशंकर, नितिन तिवारी,पंकज कुमार सिंह,राजेश्वर सिंह रज्जू,आलोक मिश्रा, राजकुमार सिंह, जर्नादन मिश्रा, संतोष सिंह,संजय सिंह, अखिलेश तिवारी,रामअवध यादव,शिवकुमार प्रजापति, दुर्गविजय सिंह सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी ने एआरओ व पुलिस भर्ती में पेपर लीक को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा एआरओ व पुलिस परीक्षा में हुई पेपर लिक के विरोध में सरजू पांडे पार्क में धरना प्रदर्शन , राज्यपाल जी को संबोधित ज्ञापन उपजिला अधिकारी को दिया । इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक राय व किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसचिव नागेंद्र यादव ने कहा कि सरकार परीक्षार्थी के भविष्य के साथ खेलना बंद करे। सदर विधानसभा अध्यक्ष हनुमान बिंद औरजंगीपुर विधानसभा अध्यक्ष रामकृत यादव ने कहा यह सरकार निकम्मी सरकार है जिसे किसी का ख्याल नहीं है जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र शर्मा व दिनेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनाने के लिए काम करना चाहिए, पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, ताकि ऐसी घटना पुनरावृति ना हो सके। गोपाल वर्मा व वरिष्ठ आप नेता सुभाष चंद्र मौर्य ने कहा कि भर्ती परीक्षा का पेपर कड़ी सुरक्षा में रखी जाए । ज्ञापन देने के दौरान जिला अध्यक्ष विवेक राय ,जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद, प्रदेश सचिव किसान प्रकोष्ठ नागेंद्र यादव ,जंगीपुर विधानसभा अध्यक्ष रामकृत यादव ,सदर विधानसभा अध्यक्ष हनुमान बिंद, जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र शर्मा, सुरेश राम , दिनेश कुमार , गोपाल वर्मा, विवेक जायसवाल, एडवोकेट अरुण कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

केएनपीजी महाविद्यालय परिसर की कैमरों से होगी निगरानी

ज्ञानपुर। नकल विहीन परीक्षा के साथ महाविद्यालय में अराजकतत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए 70 सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके पहले 80 कैमरे महाविद्यालय में लगाए गए थे। कॉलेज में जहां कैमरे नहीं लग सके हैं। वहां नए कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की मानिटरिंग प्राचार्य कक्ष से स्वयं प्राचार्य द्वारा की जाएगी। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नकल विहिन परीक्षा और अराजतत्वों पर नजर रखने के उद्देश्य से चार साल पहले 70 सीसी कैमरों से लैस कराया गया था। इसके बाद भी महाविद्यालय के कई ऐसे विभाग और क्षेत्र थे। जहां सीसी कैमरे नहीं लग पाए थे। महाविद्यालय में अक्सर अराजकतत्वों की शिकायतें मिलती रहती है। जिस पर नकेल कसने के लिए महाविद्यालय पूरे कैंपस को सीसी कैमरों से लैस करने जा रहा है। जिसमें अब लाइब्रेरी, मेन गेट, गृह विज्ञान विभाग, क्रीडा विभाग सहित अन्य जगहों पर सीसीटीवी लगाए जायेंगे। प्राचार्य डॉ. रमेश यादव ने बताया कि परिसर के चारों तरफ कैमरे लगाए जायेंगे। जिससे कि महाविद्यालय का परिसर सुरक्षित हो सके। इनमें कॉलेज के वाचनालय के अलावा कर्मचारी कक्ष, खेलकूद विभाग, गृह विज्ञान विभाग इत्यादि शामिल हैं।

प्रतिभावानों को सम्मान करना नितांत जरुरी : केंद्रीय मंत्री डा. महेन्द्रनाथ

धीना। ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में रविवार को रामधारी सिंह दिनकर सेवा समिति के सचिव मृत्युंजय सिंह दीपू के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पांडेय व सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने जनपद के चार प्रतिभावानों,विशिष्ट जनों व पत्रकारों को

अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री की मन की बात को एलईडी टीवी पर प्रसारण देखने का काम किया। केन्द्रीय मंत्री व सांसद ड़ा0 महेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा शासन काल मे बेरोजगारी दूर हुई है युवाओं के लगन परिश्रम का फल मिल रहा है योग्यता के आधार पर नौकरी पाकर युवा प्रफुल्लित हैं।सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि पार्टी विकास के साथ साथ बेरोजगारी दूर करने के लिए दृढ संकल्पित है निरंतर विकास के आयाम स्थापित हो रहे है।सम्मान समारोह में पीसीएस चयन प्रक्रिया पूर्ण कर डिप्टी जेलर बनी बरहनी गांव निवासी कृति त्रिपाठी ,पीसीएस पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की श्रेया कुमारी, बरडीहा गांव निवासी प्रोफेसर धर्मेन्द्र यादव, घोसवां गांव निवासी सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री हरेन्द्र सिंह विशिष्ट जनों सहित पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली, रामधारी सिंह दिनकर सेवा समिति के अध्यक्ष बृजेश सिंह, सचिव मृत्युंजय सिंह दीपू, डा. हरेंद्र राय, सीडीओ सुरेंद्र श्रीवास्तव, लोकसभा मीडिया प्रभारी हरिबंश उपाध्याय, जिला पंचायत प्रतिनिधि इंदल सिंह बाबा, एसडीएम दिव्या ओझा, भवगती तिवारी, वीरेंद्र जायसवाल, महेन्द्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, परमानंद सिंह, रामजी तिवारी, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन भूपेन्द्र सिंह ने किया।

सीसीएल का अपना पहला मुकाबला नहीं बचा पाए भोजपुरी दबंग्स, तेलुगु वारियर्स ने 8 रनों से हराया

वाराणसी। अभी पिछले साल के खिताबी मुकाबले के घाव ताजा ही थे कि आज सीसीएल के दसवें संस्करण से भोजपुरी दबंग्स के लिए पहले मुकाबले से भी अच्छी खबर नहीं आई है ,दुबई के शारजाह में खेले जा रहे पहले मुकाबले में मनोज तिवारी के नेतृत्व में भोजपुरी दबंग्स गत चैम्पियन तेलुगु वारियर्स से यह मुकाबला 8 रनों से हार गई है` टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तेलुगु वारियर्स ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए जवाब में मनोज तिवारी 38 रनों (रिटार्यड हर्ट) और आदित्य ओझा की 43 रनों की उपयोगी पारियों की बदौलत भोजपुरी दबंग्स ने अपनी पहली पारी में चार विकेट के नुकसान पर 103 रन बना डाले और इस तरह से तेलुगु वारियर्स पर 9 रनों की बढ़त बना लिया था। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में बढ़त लेकर अपने इस प्रदर्शन से भोजपुरी दबंग्स का खेमा उत्साहित था क्योंकि इन्हें पहली

पारी के आधार पर जो 9 रनों की बढ़त मिल गई थी लेकिन भोजपुरी दबंग्स की यह खुशी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी क्योंकि अब तेलुगु वारियर्स ने अपनी दूसरी पारी में धमाकेदार प्रदर्शन करते 118 रन बना दिया और फिर भोजपुरी दबंग्स पर दबाव बनाते हुए उनके सामने जीत के लिए 110 रनों का भारी भरकम टारगेट सेट कर दिया 10 ओवर में 110 रनों के टारगेट के दबाव में भोजपुरी दबंग्स की शुरूआत बेहद खराब हुई जहां भोजपुरी दबंग्स के लिए दूसरी पारी की शुरूआत में विकेट जल्दी गिर जाने के कारण ही भारी गड़बड़ हो गई। भोजपुरी दबंग्स के दो विकेट 5 रनों के अंदर निकल जाने के बाद पारी सम्भालने में लगे आदित्य ओझा नाबाद 46 रन और असगर खान नाबाद 40 रन ने मोर्चा संभाल लिया था लेकिन भारी टारगेट और कम ओवर के दबाव के आगे इनकी मेहनत भी बेकार गई और भोजपुरी दबंग्स अपनी दूसरी पारी में कुल 2 विकेट के नुकसान पर 101 रन ही बना पाई और अपना पहला मुकाबला 8 रनों से हार गई वहीं तेलुगु वारियर्स की तरफ से आज अश्विन बाबू ने शानदार ऑल राउंडर खेल दिखाते हुए इस मैच में अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण दो विकेट भी चटकाए। सीसीएल एक मात्र क्रिकेट का ऐसा संस्करण है जिसमें 20 ओवर के मैच में ही दोनों टीमो को 10-10 ओवर्स की दो इनिंग्स खेलने का मौका देता है` क्रिकेट का यह प्रारूप अपनेआप में बेहद रोमांचक और मनोरंजन से भरपूर रहता है जहां आप अपने फिल्मी सितारों को एक दूसरे के साथ और एक दूसरे के खिलाफ क्रिकेट के मैदान में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखते हैं` आज भोजपुरी दबंग्स के साथ तेलुगु वारियर्स के मुकाबले में भी दो संस्कृतियों का मिलन था जहां एक तरफ शुद्ध देशी वातावरण में रहने वाले अपनी देशज भाषा और खान पान के लिए मशहूर भोजपुरी दबंग्स की टीम थी वहीं दूसरी तरफ प्राचीन भारत की समृद्ध परम्पराओं को पुनर्जीवित करने वाली तेनालीरामन की धरती के योद्धा तेलुगु वारियर्स के रूप में आज मैदान में थे गत साल और इस तरह से चार बार सीसीएल का खिताब जीत चुके तेलुगु वारियर्स ने अपने पिछले साल भी खिताबी मुकाबले में भोजपुरी दबंग्स को हराकर ये ट्रॉफी जीते थे। दुबई में हुए इस हाई वोल्टेज सीसीएल मैच में भोजपुरी दबंग्स को चीयर करने के लिए इनकी महिला ब्रांड एम्बेसडर पाखी हेगड़े, आम्रपाली दुबे, शुभी शर्मा, नीलम गिरी, माही खान, रक्षा गुप्ता मौजूद रहीं।

संक्षिप्त खबरें

भागवत कथा मृत्यु को सवारती है जीने का कला सिखाती हैझ जय गोपाल जी महाराज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगसर क्षेत्र के विशुनपुरा शिव मंदिर पर सोमवार से भागवत सप्ताह कथा के अंतर्गत श्रीधाम वृन्दावन से पधारे भागवतभूषण आचार्य पं० जय गोपालजी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ करते हुए श्लोकों का वाचन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मृत्यु को संवारती है और जीवन जीने की कला सिखाती है। आज की कथा में भागवत व्याख्या करते हुए श्रीमद् भागवत कथा की महिमा और आत्मदेव, धुंधकारी और गोकर्ण आख्यान का विधिवत वर्णन किया। कथा के मुख्य यजमान विरेन्द्र नाथ तिवारी व सहयोगी दिनेश तिवारी व ग्रामवासी हैं सैकड़ो की संख्या में लोग कथा रसपान कर रहे हैं। आयोजक डॉ0 अजय कुमार दुबे ने कथा रसपान के लिए क्षेत्रीय लोगो का आह्वान किया।

एक दिवसीय रोजगार मेला में हुआ 183 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड के लिए चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन, गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में मां कालिन्दी आई0टी0आई0, सिधौना, सैदपुर, गाजीपुर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियों क्वैस सर्विस, जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी हेतु चयन सहित कुल 04 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चैरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 425 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 183 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंर्तराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर एसआईआईसी वाराणसी द्वारा उक्त पब्लिक स्कूल परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गयी। जिसमें दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 57 अभ्यर्थियों का एसआईआईसी, वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी जिसमें से 40 अभ्यर्थी विदेशों में रोजगार पाने हेतु योग्य पाये गये जिसमें से 11 अभ्यर्थी पासपोर्टधारी है। इन सभी योग्य अभ्यर्थियों को अन्तिम चयन हेतु एसआईआईसी, वाराणसी सेन्टर पर काल किया जायेगा।

हम सुहेलदेव की वंशज हैं : अरविंद राजभर

प्रखर ब्यूरो खानपुर/गाजीपुर। क्षेत्र के अनौनी गांव स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर मैदान में मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव की 1015 अभी जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद राजभर वह विशिष्ट अतिथि धर्मदेव यादव प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद राजभर ने कहा कि हमें गर्व है कि हम वीर योद्धा सोहेलदेव राजभर के वंशज हैं महाराजा सुहेलदेव के वीरता का प्रमाण आज भी बहराइच जिले के नानापारा का मैदान है महाराजा सुहेलदेव का शासन रहा तब तक किसी शासक ने हमारे देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देखा उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद महाराजा सुहेलदेव का जिक्र करते हुए 26 जनवरी को बधाई दिया।इस मौके पर संतोष राजभर, धर्मेंद्र राजभर, मुकेश राजभर, पुष्कर राजभर, लाल राजभर, अंशु राजभर, विपिन राजभर, रोशन राजभर, बबलू राजभर, अभिषेक राजभर (ब्लॉक अध्यक्ष), संदीप राजभर (विधानसभा अध्यक्ष) युवा मंच, खेदन राजभर आदि लोग उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देकर बना रहा आत्मनिर्भर : सूर्यमुनी

सकलडीहा। सकलडीहा विधानसभा के खड़ेहरा में रविवार को भाजयुमो के तत्वाधान में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस मौके पर युवाओं को देश के विकसीत भारत संकल्प को पूरा करने में जन सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजयुमो आशीष रघुवंशी व संचालन मेहताब अली ने किया। भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि पूरा देश लगातार तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को संकल्प लेकर बैठा हुआ है । जिसके चलते विपक्षी पार्टियों का मौका परस्त गठबंधन पूरी तरह विफल होना तय है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहीं है। युवा अपने सपने साकार कर सके और सफलता की ऊंची उड़ान उड़ सके इसलिए भाजपा सरकार ने हर संभव प्रयास किया है।

दंगा नियन्त्रण हेतु स्थानीय पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

चुनार। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को दंगा नियन्त्रण उपकरण के साथ स्थानीय पुलिस द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। नगर के रस्तोगी तिराहा, चौक बाजार, गंगेश्वरनाथ, बालू घाट, टेकौर, दरगाह आदि स्थानों पर दंगा रोधी उपकरण व बाडी प्रोटेक्टर के साथ भ्रमण किया गया। इस दौरान कोतवाल नरेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक (अपराध) रामदुलार यादव, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, अदलपुरा चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल, उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार सिंह, आर0डी0 सिंह, आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, विवेक राय, सिंपू सिंह सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सफल सम्पादन के सम्बंध में बनी रणनीति

चन्दौली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में सीमावर्ती जनपद के अधिकारियों साथ बैठक जिलाधिकारी अनुश्रवण कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सफल सम्पादन/निर्वाचन तैयारियों के दृष्टिगत सीमावर्ती जनपद से उत्पन्न होने वाली परेशानियों को रोकने तथा उससे निपटने के तैयारी पर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभय कुमार पांडेय,अविनाश कुमार, सीमावर्ती जनपद के अपर जिलाधिकारी व पुलिस अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डा. आनंद बने नीमा सर्जिकल सोसाइटी के अध्यक्ष

सकलडीहा। आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू के एनआरसी भवन में रविवार को आयोजित बैठक में डा आनंद विद्यार्थी को नीमा सर्जिकल सोसाइटी यूपी चैप्टर का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह गाजीपुर में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। डा आनंद विद्यार्थी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर राष्ट्रीय नीमा सर्जिकल सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रमन सिंह ने कहा कि डा विद्यार्थी को आयुर्वेद के क्षेत्र में उनकी सेवा को लेकर यह सम्मान दिया गया है। उनके साथ डा राघवेंद्र राय बलिया व अरुण सिंह वाराणसी को उपाध्यक्ष एवं डा मनोज यादव को सचिव चुना गया।

संक्षिप्त खबरें

इमारत में आग लगने से भारतीय नागरिक की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के मैनहटन में आवासीय इमारत में आग लगने से बतौर पत्रकार के तौर पर काम करने वाले 27 वर्षीय भारतीय नागरिक की मौत हो गई। मैनहटन के हार्लेम में 2, सेंट निकोलस पैलेस पर छह मंजिला रिहाइशी इमारत में हुए हादसे में मृतक की पहचान फाजिल खान की के रूप में की गई है। हादसे में 17 अन्य लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क नगर अग्निशमन विभाग ने कहा कि आग लिथियम-आयन बैटरी के कारण लगी। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने खान की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह उनके शव को भारत में उनके परिवार को वापस भेजने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह खान के परिवार और दोस्तों के संपर्क में है।

जापान : सुपरमार्केट में चाकू से हमला, एक की मौत

तोक्यो। जापान के सबसे उत्तरी प्रांत होक्काइदो के साप्पोरो में रविवार को सुपरमार्केट के कर्मचारियों पर हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। क्योदो न्यूज के अनुसार यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 06:50 बजे हुई। रसोई घर में इस्तेमाल होने वालू चाकू से लैस हमलावर के हमले से स्टोर के तीनों कर्मचारी घायल हो गए, उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। दो अन्य कर्मचारी एक पुरुष और एक महिला हैं। पुलिस ने हमलावर को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया।

बांग्लादेश की गायिका सबीना यास्मीन कैंसर से पीड़ित

ढाका। कैंसर का उपचार करा चुकी बांग्लादेश की प्रख्यात गायिका सबीना यास्मीन फिर से ओरल कैंसर की चपेट में आ गई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 17 वर्ष पहले यास्मीन के कैंसर उपचार हुआ था। स्थानीय अखबार 'द डेली स्टार' ने रविवार को परिवार के सदस्यों के हवाले से बताया कि सबीना (69) के मुंह की सर्जरी हुई है और अब उनका सिंगापुर जनरल हॉस्पिटल के नेशनल कैंसर सेंटर में इलाज चल रहा है। सबीना ने 2007 में गैर-हॉजकिन लिंफोमोरल कैंसर को हरा दिया था और सामान्य जीवन जीने लगी थीं। उल्लेखनीय है कि 50 वर्षों से अधिक समय से संगीत से जुड़ी सबीना को बांग्लादेश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार स्वाधीनता पुरस्कार और दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार,एकुशे पदक से सम्मानित किया गया है।

नवलनी की मौत के बाद रूस को प्रतिबंधों की धमकी

मॉस्को। जी 7 देशों के नेताओं ने रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के मामले में रूस पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। जी7 की ओर से कहा गया, 'हम नवलनी की मौत के लिए दोषी लोगों को जवाबदेह ठहराएंगे, जिसमें रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन और दुर्व्यवहारों के लिए प्रतिबंधात्मक कदम उठाना और अन्य कार्रवाई करना शामिल है।' पिछले शुक्रवार को रूस की जेल सेवा ने कहा था कि नवलनी की जेल में मौत हो गई थी और मौत के कारण की जांच की जा रही है। जनवरी 2021 में नवलनी को जर्मनी से आने के बाद मॉस्को में गिरफ्तार किया गया था, जहां वह रूस में कथित जहर दिये जाने के बाद के लिए चिकित्सा उपचार करवा रहे थे। उसी वर्ष फरवरी में, एक अदालत ने 2014 के यवेस रोचर धोखाधड़ी मामले में उन्हें ढाई वर्ष जेल की सजा सुनाई। अगस्त 2023 में, उन्हें चरमपंथ के आरोप में 19 वर्षों की सजा सुनाई गई थी।

जापान रूसी संगठनों पर लगाएगा अतिरिक्त प्रतिबंध

टोक्यो। जापान ने यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की योजना के तहत रूसी संगठनों और व्यक्तियों के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। जी-7 के नेताओं ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत की दूसरी वर्षगांठ पर वर्चुअल बैठक की। इसमें किशिदा कहा कि लंबे समय तक लड़ाई चलने के कारण यूक्रेन की स्थिति काफी गंभीर हो गई है और अब यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाना महत्वपूर्ण है। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन का समर्थन करना 2024 में एशियाई देश की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होगा।

राजनीति में बढ़ती जहरीली संस्कृति खतरनाक

ब्रिटेन में पीएम सुनक ने इस्राइल-हमास संघर्ष के खिलाफ प्रदर्शनों को हाइजैक किए जाने की निंदा की

लंदन (भाषा)। ब्रिटिश सांसदों को इस्राइल-गाजा संघर्ष के संबंध में हाउस ऑफ कॉमन्स में उनके मतदान के इरादों को लेकर सुरक्षा खतरों का सामना करने की खबरों के बीच प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने राजनीति में बढ़ती जहरीली संस्कृति के प्रति आगाह किया है। ब्रिटिश भारतीय नेता सुनक (43) ने आतंकवाद का महिमामंडन करने के लिए चरमपंथियों द्वारा देश की सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों को 'हाइजैक' करने की निंदा की।

'द संडे टाइम्स' अखबार में दावा किया गया कि तीन अज्ञात महिला सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बाद उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की अनुमति दी गई है। सुनक ने कहा, 'सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों के बाद पूर्वाग्रह और यहूदी विरोधी भावना का प्रचंड प्रादुर्भाव अस्वीकार्य है। सीधे शब्दों में कहें तो यहूदी विरोधी भावना ही नस्लवाद है।' उन्होंने हाल में वेस्टमिंस्टर महल पर एक आक्रामक 'प्रोजेक्शन' (चित्रण) के संदर्भ में कहा, 'आतंकवाद को बढ़ावा देने और उसका महिमामंडन करने के लिए चरमपंथियों द्वारा वैध विरोध प्रदर्शनों को 'हाइजैक' किया गया, निर्वाचित प्रतिनिधियों को मौखिक रूप से धमकाया गया तथा शारीरिक, हिंसक रूप से निशाना बनाया गया और हमारी अपनी संसद इमारत पर यहूदी विरोधी चित्रण किया गया।' उन्होंने पिछले सप्ताह गाजा में संघर्ष विराम पर संसद में मतदान के दौरान अराजक दृश्यों के संदर्भ में कहा, ' इस सप्ताह संसद में बहुत खतरनाक संकेत दिया गया कि इस तरह की धमकी काम करती है। यह हमारे समाज और हमारी राजनीति के लिए जहरीली है और यह उन स्वतंत्रताओं व मूल्यों का अपमान है जिन्हें हम यहां ब्रिटेन में प्रिय मानते है।' उन्होंने विशेष रूप से कोई उल्लेख नहीं किया लेकिन उनकी यह टिप्पणी सत्तारूढ कंजर्वेटिव द्वारा पार्टी के सांसद ली एंडरसन को निलंबित करने के तुरंत बाद आई है। एंडरसन ने दावा किया कि पाकिस्तानी मूल के लंदन के मेयर सादिक खान 'इस्लामिक लोगों' के नियंत्रण में थे। विपक्ष ने इन टिप्पणियों को लेकर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने इन टिप्पणियों को नस्लवादी तथा इस्लाम से घृणा की भावना बताया।

पाकिस्तान में नौ मार्च तक राष्ट्रपति चुनाव!

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद लगे धांधली के आरोपों के बीच अब नौ मार्च तक नए राष्ट्रपति का चुनाव होने की उम्मीद की जा रही है।

डॉन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) संसद के उच्च सदन सीनेट के आधे सांसदों का छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद उनकी सेवानिवृत्ति से दो दिन पहले नौ मार्च तक देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने के लिए तैयार है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, 'सभी चार प्रांतीय विधानसभाओं के गठन के बाद वर्तमान सीनेटर राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव नौ या 10 मार्च को हो सकता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए तैयार छह-दलीय गठबंधन ने पहले ही देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए आसिफ अली जरदारी को अपना सर्वसम्मत उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

श्रीलंका ने रूस और यूक्रेन के पर्यटकों को देश छोड़ने को कहा

कोलंबो(भाषा)।

श्रीलंका ने रूस और यूक्रेन संघर्ष के कारण विस्तारित वीजा पर देश में रह रहे हजारों रूसी और यूक्रेनियाई पर्यटकों को दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने के लिए कहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वर्ष 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से 3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी नागरिक श्रीलंका पहुंच चुके है

अधिकारियों ने बताया कि आव्रजन नियंत्रक ने पर्यटन मंत्रालय को नोटिस जारी कर सूचित किया है कि रूसी और यूक्रेनी पर्यटकों को 23 फरवरी से दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ना होगा, क्योंकि उनका वीजा समाप्त हो गया है। हालांकि, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिघे के कार्यालय ने एक परिपत्र जारी कर कहा है कि उन्होंने इस बात की जांच का आदेश दिया है कि विस्तारित वीजा को रद्द करने का निर्णय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बिना कैसे लिया गया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने कहा कि श्रीलंकाई सरकार ने आधिकारिक तौर पर इन पर्यटकों को पहले दिए गए वीजा विस्तार को रद्द करने का निर्णय नहीं लिया है।रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने की वजह से दोनों यूरोपीय देशों के पर्यटकों को देश में विस्तारित प्रवास की अनुमति दी गई थी। वर्ष 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 3 लाख रूसी और 20 हजार यूक्रेनी नागरिक श्रीलंका पहुंचे है।

यूक्रेन को तोप के 1,70,000 गोले की आपूर्ति की योजना

कीव (वार्ता)। यूरोपीय संघ ने मार्च के अंत तक यूक्रेन को तोप के 1,70,000 गोले की आपूर्ति करने की योजना बनाई है। यह जानकारी यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमियो कुलेबा ने दी। यूरोपीय संघ चेक गणराज्य द्वारा प्रस्तावित खरीद योजना के अंतर्गत यूक्रेन को विदेशों से तोप के गोले प्रदान करने के लिए 1.5 अरब डॉलर के आपातकालीन कोष की मांग कर रहा है।

कुलेबा ने एक्स पर कहा, 'आज हमारे कॉल के दौरान, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने यूक्रेन के साथ यूरोपीय संघ की पूर्ण एकजुटता की पुष्टि की। मैंने पिछले दो वर्षों में उनके व्यक्तिगत नेतृत्व और समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।' उन्होंने कहा कि अभी तोप के गोले सबसे पहली प्राथमिकता है। यूरोपीय संघ मार्च के अंत तक यूक्रेन को लगभग 1,70,000 गोले की आपूर्ति करने की योजना बना रहा है और आपूर्ति की माात्रा और ज्यादा बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है। ज्ञातव्य है कि यूरोपीय संघ के सदस्य देशों सहित पश्चिमी देश, फरवरी 2022 में यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद से कीव को सैन्य और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

ईयू ने इसके लिए 1.5 अरब डॉलर के आपातकालीन कोष की मांग की

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' ने लगातार कीव को हथियारों की आपूर्ति के खिलाफ चेतावनी दिया है और कहा है कि इससे संघर्ष में और वृद्धि होगी। रूस पिछले 30 वर्षों से यूरोप में सुरक्षा सिद्धांतों पर नाटो के साथ एक समझौते तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन मॉस्को के विरोध के बावजूद, गठबंधन रूसी सीमाओं के समीप अपना विस्तार कर रहा है।

कैरोलाइना प्राइमरी में ट्रंप ने हेली को हराया

वॉशिंगटन(भाषा)। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवारी के दावेदार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में शनिवार को हरा दिया। साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर हेली (52) ने प्राइमरी में हार मिलने के बाद पांच मार्च को 'सुपर ट्यूजडे' (महामंगलवार) को होने वाले चुनाव में ट्रंप का मजबूती से मुकाबला करने का संकल्प लिया। पांच मार्च को देशभर के 21 राज्यों में रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलाइना में लगभग 90 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद, हेली को 39.4 प्रतिशत वोट मिले, जबकि ट्रंप को 59.9 प्रतिशत मत मिले यानी दोनों नेताओं के मतों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। इस जीत के साथ ही ट्रंप ने लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन उम्मीदवार चुने जाने की अपनी संभावना को और प्रबल बना दिया है। ट्रंप इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा के प्राइमरी चुनाव भी जीत चुके है लेकिन साउथ कैरोलाइना की जीत ट्रंप के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि हेली दो बार यहां की गवर्नर रह चुकी है।

इस जीत के साथ ही ट्रंप को सभी 29 'डेलिगेट' (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिल गया। सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि शेष 21 'डेलिगेट' का समर्थन कांग्रेशनल जिला परिणामों के आधार पर मिलेगा। राज्य के सात जिलों में से प्रत्येक में जीत पर दावेदार को तीन 'डेलिगेट' का समर्थन मिलता है। किसी भी दावेदार को पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए 1,215 'डेलिगेट' के समर्थन की आवश्यकता होती है। अब तक हेली ने 17 और ट्रंप ने 92 'डेलिगेट' का समर्थन हासिल कर लिया है।

ट्रंप ने शनिवार को अपने विजय भाषण में हेली का नाम नहीं लिया और प्रवासियों के लिए सीमा बंद करने के साथ-साथ रिपब्लिकन पार्टी में एकता और अमेरिका के लिए वैश्विक सम्मान बहाल करने की बात की। हेली ने अपने भाषण में साफ कर दिया, वह हार नहीं मान रही हैं। उन्होंने कहा, मैंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि दक्षिण कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं दौड़ना जारी रखूंगी। मैं अपनी बात पर कायम रहने वाली महिला हूं। मैं यह लड़ाई नहीं छोड़ रही हूं। हेली का गृह राज्य होने के नाते दक्षिण कैरोलिना को उनके लिए 'करो या मरो' की प्रतियोगिता के रूप में देखा जा रहा था, जहां वह पैदा हुई, पली-बढ़ीं और एक राजनेता के रूप में दो-कार्यकाल की गवर्नर रहीं। ऐसा कहा गया कि गृह राज्य में हार उनके अभियान के लिए घातक होगी। हालांकि हेली ने पहले ही कहा था कि आज रात प्राइमरीज में चाहे कुछ भी हो जाए, वह दौड़ में बनी रहेंगी। इस रिपोर्ट के समय तक वोटों की गिनती जारी थी।

अमेरिका ने यमन में 18 हूती ठिकानों पर हमले किए

वॉशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन सहित उसके सहयोगियों ने यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले किए। इन हमलों में हूती के 18 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह जानकारी अमेरिकी रक्षा विभाग ने रविवार को दी।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा, 'आज के आवश्यक हमलों में यमन में आठ स्थानों पर 18 हूती ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो हूती के भूमिगत हथियार भंडारण सुविधाओं, मिसाइल भंडारण सुविधाओं, मानव रहित हवाई प्रणाली, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और हेलिकॉप्टर से जुड़े थे।' लाल सागर और आसपास के जलमार्गों को पार करने वाले वाणिज्यिक और नौसैनिक जहाजों के खिलाफ हूती विद्रोहियों के हमलों के जवाब में अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैड और न्यूजीलैंड द्वारा हमले किए गए। इससे पहले हूती सैन्य प्रवक्ता याया सारी ने कहा था कि हूती समूह ने अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी जहाज पर कई मिसाइलें दागीं। सारी ने एक्स पर कहा कि यमनी सशस्त्र बलों ने अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज 'टॉर्म थोर' पर नौसैनिक मिसाइलों से हमला किया। इसके अलावा, हूती ने लाल सागर में कई अमेरिकी सैन्य जहाजों पर ड्रोन हमले भी किए। हूती आंदोलन, जो उत्तरी और पश्चिमी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करता है, ने नवंबर 2023 में गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई समाप्त होने तक इस्राइल से जुड़े हर जहाज पर हमला करने की कसम खाई है। इसके बाद अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर में नौपरिवहन को सुरक्षित बनाने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन के निर्माण की घोषणा की। अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने बाद में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की विद्रोहियों की क्षमता को कम करने के लिए हूती के खिलाफ बड़े हमले किए।

पाकिस्तान : पंजाब में आज होगा सीएम का चुनाव

ल्लाहौर (भाषा)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री का चुनाव होगा। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज के प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने की प्रबल संभावना है। पंजाब विधानसभा के सचिव आमिर हबीब ने रविवार को कहा, 'पंजाब में सोमवार को मुख्यमंत्री का चुनाव होगा।' चूंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएलएन) और उसके सहयोगियों के पास सदन में साधारण बहुमत है, इसलिए पार्टी का मुख्यमंत्री चुने जाने में कोई समस्या नहीं है। पीएमएलएन ने पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद हासिल कर लिए है।

मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएलएन की 50 वर्षीय मरियम नवाज और इमरान खान की पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। शनिवार को पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में, विधायकों ने गुप्त मतदान के माध्यम से पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का अध्यक्ष और जहीर इकबाल चन्नार को उपाध्यक्ष चुना।

इस्राइल-हमास जंग : एक सप्ताह का अस्थाई संघर्ष विराम जल्द

तेल अवीव (एपी)। इस्राइल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते संभव है। इसके साथ ही गाजा में बंधक बना कर रखे गए इस्राइली और इस्राइल के कैद से फिलिस्तीनियों की रिहाई भी हो सकती है। इस्राइली मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इस्राइल की 'वार कैबिनेट' (युद्ध से जुड़े मुद्दे पर गठित मंत्रियों के समूह) ने शनिवार देर रात प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बैठक की, हालांकि कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। कई इस्राइली मीडिया संस्थानों ने अनाम अधिकारियों के हवाले से कहा कि इस्राइल आगे की चर्चा के लिए एक प्रतिनिधिमंडल कतर में भेजेगा।

हो सकती है बंधकों और कैदियों की रिहाई

हमास का कहना है कि वह अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा तैयार किये गए नए प्रस्ताव में अब तक शामिल नहीं हुआ है, लेकिन खबरों में बताई गई रूपरेखा काफी हद तक संघर्ष विराम के पहले चरण की उसकी पिछली मांगों से मेल खाती है। हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया पिछले सप्ताह काहिरा में थे।

इस बीच, इस्राइल गाजा-मिस्र सीमा पर स्थित सबसे दक्षिणी शहर राफा तक अपने आक्रमण का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जहां क्षेत्र की 23 लाख से अधिक आबादी ने गंदे शिविरों, खचाखच भरे अपार्टमेंट और भरे हुए आश्रय स्थलों में शरण ली हुई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह नागरिकों की निकासी सहित राफा में राहत कार्य के लिए योजनाओं को मंजूरी देने के लिए इस सप्ताह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाएंगे।

कतर के साथ इस्राइल और हमास आतंकवादी समूह के बीच बातचीत में मध्यस्थ मिस्र के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि संघर्ष विराम समझौते के मसौदे में 300 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 40 महिलाओं और वृद्ध बंधकों की रिहाई शामिल है। फिलिस्तीनी कैदियों में ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल है। मिस्र के अधिकारी ने कहा, लड़ाई में प्रस्तावित छह सप्ताह के ठहराव में हर दिन गाजा में अत्यंत आवश्यक राहत सहायता लाने के लिए सैकड़ों ट्रकों को अनुमति देना होगा। इसमें गाजा के घिरे क्षेत्र का उत्तरी आधा हिस्सा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष आगे की रिहाई और स्थायी संघर्ष विराम के लिए रोक के दौरान बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए।

अमेरिका व अरब देश इस्राइल-हमास के मतभेदों को कम करने में जुटे

वॉशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका और अरब देश गाजा में युद्ध विराम और इस्राइली बंधकों को रिहा करने संबंधी समझौते पर सहमति बनाने के लिए इस्राइल और फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच मतभेदों को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को मिस्र के अधिकारियों के हवाले से बताया कि पेरिस में हुई बैठक में हमास इस बात पर लचीलापन दिखा रहा था कि युद्ध विराम कितने समय तक रहेगा।

इस्राइली प्रतिनिधिमंडल युद्ध विराम की अवधि और कई फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर चर्चा करने के लिए तैयार है, लेकिन गाजा निवासियों को एन्क्लेव के उत्तरी भाग में लौटने की अनुमति देने या युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत की गारंटी देने में झिझक रहा था। सात अक्टूबर 2023 को, हमास ने गाजा से इस्राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इस्राइल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने तथा बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 29,500 लोग मारे जा चुके है। इसके अलावा, 24 नवंबर को, कतर ने इस्राइल और हमास के बीच अस्थाई संघर्ष विराम, कुछ कैदियों तथा बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और यह एक दिसंबर को समाप्त हो गया। माना जाता है कि गाजा में अब भी 100 से अधिक बंधक हमास के पास हैं।

भारत-जापान ने दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत और जापान ने आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और 'जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। भारतीय सेना ने कहा, 'अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है।'

चंद्रमा से जुड़े विज्ञान के नए सक्रिय चरण की शुरुआत

बोल्डर (द कन्वरसेशन)। साल 1972 के बाद पहली बार राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) का यान फरवरी 2024 में चांद पर उतरा। लेकिन एजेंसी ने यह काम अकेले नहीं किया बल्कि उसने वाणिज्यिक कंपनियों के साथ साझेदारी की। नई प्रौद्योगिकियों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के चलते, इस यान से चंद्रमा पर लाई गई वैज्ञानिक परियोजनाएं और इसके जैसे भविष्य के मिशन वैज्ञानिक संभावनाओं के नए क्षेत्र खोलेंगे।

नासा के चंद्रमा पर जाने वाले लैंडर सेवा प्रदाता के रूप में एक दर्जन कंपनियों की है पहचान

नासा का वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सेवा कार्यक्रम (सीएलपीएस) 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा से नासा के पहले वैज्ञानिक प्रयोगों का अध्ययन करने के लिए मानवरहित लैंडर का उपयोग करेगा। नासा के लैंडर बनाने और कार्यक्रम संचालित करने के बजाय, वाणिज्यिक कंपनियां सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत ऐसा करेंगी।

नासा ने चंद्रमा पर जाने वाले लैंडर के लिए सेवा प्रदाता के रूप में काम करने के लिए लगभग एक दर्जन कंपनियों की पहचान की है। नासा चांद पर इन विज्ञान पेलोड को ले जाने के लिए इन लैंडर पर स्थान खरीदता है जबकि कंपनियां लैंडर को डिजाइन करती है व उनका निर्माण करती है। साथ में प्रक्षेपण के लिए रॉकेट कंपनियों के साथ अनुबंध करती है। नासा अब एक ग्राहक बन गया है, अब वह इकलौता संचालक नहीं रहा। पहले दो सीएलपीएस पेलोड 2024 के शुरुआती दो महीनों के दौरान प्रक्षेपित किए जाने है।

'एस्ट्रोबोटिक्स' पेलोड को पेरेग्रीन नामक लैंडर से पहले आठ जनवरी को प्रक्षेपित किया गया था लेकिन इसे ईंधन की समस्या का सामना करना पड़ा और इसे चांद की अपनी यात्रा को रोकना पड़ा। इसके बाद, 'इंट्यूटिव मशींस' ओडीसियस लैंडर के साथ 22 फरवरी को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा। इंट्यूटिव और दो वर्षों में चंद्रमा के दूरवर्ती भाग के लिए निर्धारित अन्य मिशन 'लूपसईई-नाइट' के बीच, हमारी टीमें 2026 तक चंद्रमा पर नासा के पहले दो रेडियो टेलीस्कोप भेजेंगी। चांद खासकर चंद्रमा का सुदूर हिस्सा रेडियो खगोल विज्ञान और सूर्य और आकाशगंगा मंदाकिनी जैसी अलौकिक वस्तुओं से संकेतों का अध्ययन करने के लिए एक आदर्श स्थान है।

ओडीशाः हाई कोर्ट ने विदेशी मालवाहक जहाज को जब्त करने का आदेश दिया

कटक (भाषा)। ओडीशा उच्च न्यायालय ने राज्य के पारादीप बंदरगाह पर बर्थ किराया शुल्क का भुगतान नहीं करने के संबंध में एक विदेशी मालवाहक जहाज 'जब्त' करने का आदेश दिया है।

नौवहन कानून के तहत, किसी जहाज के स्वामित्व, निर्माण, कब्जे, प्रबंधन, संचालन या व्यापार से जुड़े समुद्री दावों के कार्यान्वयन के तहत किसी जहाज को जब्त किया जा सकता है। पनामा में पंजीकृत जहाज 'एम वी डेबी' एक अन्य मामले के सिलसिले में लगभग तीन महीने से बंदरगाह पर खड़ा है। माना जाता है कि पिछले साल एक दिसंबर को पोत से 220 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के कोकीन से भरे कई पैकेट जब्त किए गए थे, इस संबंध में एनडीपीएस अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के तहत स्थानीय अधिकारी जांच कर रहे हैं। पारादीप इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (पीआईसीटीपीएल) ने जहाज के खिलाफ दावे से जुड़ा मुकदमा दायर किया है और जहाज को जब्त करने का आदेश देने के लिए पिछले महीने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पीआईसीटीपीएल ने मालवाहक जहाज पर 7.95 करोड़ रुपये का नौवहन दावा किया है, जिसमें बर्थ (जिस जगह जहाज खड़ा है) किराया शुल्क, दंड शुल्क, कानूनी लागत और अन्य शामिल हैं।

'चुनाव में मुसलमान मोदी का न करें विरोध'

नई दिल्ली (आईएएनएस)। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में मुसलमानों से अपील की है। उन्होंने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर मैं भारत के मुसलमानों से छत्तीसगढ़ की सर जमीन से अपील कर रहा हूं कि मुसलमान चुनाव में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध न करें, बल्कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढें।

मौलाना ने ये बातें छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में आयोजित इस्लाहे मुआशरा कान्फ्रेंस में कही। उन्होंने कई जगहों पर धार्मिक कान्फ्रेंस को संबोधित किया और कुछ इसी तरह से हर जगह मुसलमानों को समझाने की कोशिश की। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुसलमानों को सलाह देते हुए कहा कि देश के सियासी हालात बहुत तेजी के साथ बदले हैं। कुछ दिनों में और ज्यादा बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए सियासी पहलू को देखते हुए मुसलमान अपने भविष्य के बारे में सोचें। उन्होंने कहा, कुछ वर्षों से देखा ये जा रहा है कि हर राजनीतिक पार्टी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर मुसलमानों को चुनाव में इस्तेमाल करती है। मुसलमान बगैर सोचे समझे धर्मनिरपेक्षता का झंडा और बैनर उठाकर प्रधानमंत्री मोदी की मुखालफत करने लगता है। मुसलमान अनजाने तौर पर राजनीतिक दलों का मोहरा बन जाता है, फिर ऐसा लगने लगता है कि सिर्फ मुसलमान ही मोदी के खिलाफ हैं और बाकी सब मोदी के समर्थन में हैं। शहाबुद्दीन रजवी ने कहा, इस मुखालफत से मुसलमानों को न कोई फायदा हासिल हुआ न भविष्य में किसी फायदे की उम्मीद है। बल्कि हिन्दू और मुसलमानों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है, इससे भारतीय समाज का बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, इन हालात से बहुत चिंतित हूं और मुसलमानों को मशवरा दे रहा हूं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध न करें।

शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी की अपील

इससे पहले मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जमकर खरी-खरी सुनाई थी। उन्होंने अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्हें सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा था कि 2022 के विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने सपा को जमकर वोट दिया, जितने भी एमएलए सपा से जीतकर आए हैं, चाहे वह मुस्लिम हो या गैर मुस्लिम, ये सभी मुसलमानों के वोट से जीतकर आए हैं। ऐसे में राज्यसभा की तीन सीटों पर मुस्लिमों का हक बनता है, इन सीटों पर मुसलमानों को कैंडिडेट बनाया जाना चाहिए था। लेकिन, अखिलेश यादव ने किसी भी मुस्लिम को प्रत्याशी न बनाकर गैर मुस्लिम को कैंडिडेट बनाया। उन्होंने कहा था कि इसका सीधा मतलब है कि उन्हें सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए। वह सिर्फ कुर्सी के लालच में मुसलमानों के वोट का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें बेवकूफ समझते हैं।

खबर संक्षेप

देश में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित

नई दिल्ली। मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं।

आपूर्ति घटने से सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। कम आयात के कारण आयातित तेलों की आपूर्ति घटने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती देखी गई। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि आयात घटने के बीच खाद्य तेलों की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन के भाव मजबूत बंद हुए।

बुनियादी परियोजनाओं की लागत 4.80 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 431 परियोजनाओं की लागत जनवरी, 2024 तक तय अनुमान से 4.80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 617.23 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.24 अरब डॉलर घटकर 617.23 अरब डॉलर रहा। इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब डॉलर रहा था। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष में विदेशी मुद्रा भंडार 50.28 अरब डॉलर बढ़ गया है।

इंडिग्रिड ने सौर ऊर्जा संयंत्र का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट इंडिया ग्रिड ने 1,550 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 300 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने बताया कि इस सौदे के बाद इंडिग्रिड के पास देशभर के आठ राज्यों में 19 सौर परियोजनाएं हो गई हैं। इनकी कुल उत्पादन क्षमता 1.1 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है।

पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस रही

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,10,106.83 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 716.16 अंक या 0.97 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

तेजी से बढ़ी ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत, 11 सालों में पीछे छूट गए शहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय ने भारतीय परिवारों के घरेलू खर्च को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 साल में दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। मासिक प्रति व्यक्ति खर्च (एमपीसीई) की इस रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय घरों में खाने के सामान पर कम और कपड़े, टीवी-फ्रिज और मनोरंजन जैसी चीजों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

भारतीय गेहूं, चावल और दालों सहित अनाज पर कम खर्च कर रहे हैं, लेकिन बेवरेज, रिफ्रेशमेंट और प्रोसेस्ड फूड पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय परिवारों का भोजन पर हर महीने खर्च 2011-12 की तुलना में 53 फीसदी से घटकर 46.4 फीसदी हो गया है। जबकि, खाने के बजाए दूसरे खर्च 47 फीसदी से बढ़कर 53.6 फीसदी हो गए हैं।

केंद्र सरकार ने 11 वर्ष बाद जारी की मासिक प्रति व्यक्ति खर्च की रिपोर्ट

सबसे कम खर्च कर रहे छत्तीसगढ़ के लोग

राज्यों की बात करे तो सिक्किम में शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी सबसे ज्यादा खर्च कर रही है। यहां एक ग्रामीण हर महीने 7731 और शहरी 12105 रुपए खर्च कर रहा है। दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ में एक ग्रामीण हर महीने 2466 और शहरी 4483 रुपए खर्च कर रहा है, जो सबसे कम है। खाने पर हर महीने का खर्च ग्रामीण इलाकों में 1750 और शहरी इलाकों में 2530 रुपए है।

शहरी लोगों के मुकाबले ग्रामीणों का खर्च बढ़ा

सर्वे के अनुसार, अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच ग्रामीण क्षेत्र में एक व्यक्ति का हर महीने खर्च बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, जो 2011-2012 के पिछले सर्वे में 1430 रुपए था। इस दौरान शहरी क्षेत्र में हर महीने प्रति व्यक्ति खर्च बढ़कर 6459 रुपए हो गया है, जो पिछले सर्वे में 2630 रुपए था।

एफएमसीजी पर पड़ा दबाव

रिपोर्ट में कहा गया कि कीमतों में इजाफे का कारण फास्ट-मूविंग कंज्यूमर वस्तुओं (एफएमसीजी) पर ज्यादा दबाव पड़ा है। भारतीय परिवारों ने 2023 में बिस्कुट, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, जैम और फर्श क्लीनर आदि जैसी तेजी से बिकने वाली कंज्यूमर प्रोडक्ट्स पर 5.4 ट्रिलियन रुपए खर्च किए। 2019 के बाद से ये खर्च लगभग 45 फीसदी बढ़ गया है।

भोजन पर खर्च की हिस्सेदारी घटी

शहरी इलाको में रहने वाले परिवारों की बात करें तो मंथली खर्च में भोजन की हिस्सेदारी 42.6 फीसदी से घटकर 39.2 फीसदी रह गई है, जबकि खाने के अलावा अन्य सामानों की हिस्सेदारी 57.4 फीसदी से 60.8 फीसदी हो गई है। ये आंकड़े अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच किए गए अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वे में सामने आए हैं, जो सरकार ने 11 साल बाद जारी किए हैं।

19 मई 2023 को 2000 के नोट चलन से बाहर करने की घोषणा की गई

दो हजार के नोट को वापस लेने का प्रभाव: फरवरी में चलन में मुद्रा की वृद्धि घटकर 3.7 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2,000 के बैंक नोट को चलन से हटाने का प्रभाव दिखने लगा है। आंकड़ों के अनुसार, नौ फरवरी को समाप्त सप्ताह में चलन में मुद्रा की वृद्धि एक साल पहले के 8.2 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई है।

चलन में मुद्रा (सीआईसी) से तात्पर्य प्रचलन में मौजूद नोटों और सिक्कों से है। वहीं जनता के पास मौजूद मुद्रा से तात्पर्य बैंकों के पास जमा नकदी को घटाकर प्रचलन में मौजूदा नोटों और सिक्कों से होता है। आरबीआई के अनुसार, वाणिज्यिक बैंकों के पास जमा में जनवरी में दो अंक में वृद्धि हुई है।

करेंसी की जरूरत घटाने में मदद मिली

इसकी वजह भी 2,000 के नोटों को हटाना है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आरक्षित मुद्रा (आरएम) की वृद्धि नौ फरवरी, 2024 को घटकर 5.8 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 11.2 प्रतिशत थी।आरएम में सीआईसी के अलावा आरबीआई के पास बैंकों की जमा राशि और केंद्रीय बैंक के पास अन्य जमा शामिल हैं।

19 कार्यालयों में मुद्रा बदलने का विकल्प

बाद में इस समयसीमा को सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया था। आठ अक्टूबर, 2023 से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा बदलने या उनके बैंक खातों में उतनी ही राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। नवंबर, 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद 2,000 का नोट लाया गया था।

- 31 जनवरी 2023 तक चलन से 97 .5 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस
- केवल 8,897 करोड़ रुपए मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास

सितंबर 2023 तक बदलने कहा गया था

31 जनवरी तक, 2,000 रुपये के लगभग 97.5 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए थे, और केवल 8,897 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। ऐसे नोट रखने वाली जनता और इकाइयों को शुरू में 30 सितंबर, 2023 तक इन्हें बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा गया था।

3.7 फीसदी अभी बाकी: आरएम के सबसे बड़े खंड सीआईसी की वृद्धि एक साल पहले के 8.2 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। इसकी वजह स्पष्ट रूप से 2,000 रुपये के बैंक नोटों को वापस लेना है। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

रेरा पर माल एवं सेवा कर नहीं लगेगा

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद जल्द ही यह स्पष्ट कर सकती है कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक अधिकारी ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र का नियामक रेरा संविधान के अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत आता है, जो पंचायतों की शक्तियों, अधिकार और जिम्मेदारियों से संबंधित है। रियल एस्टेट परियोजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और विवादों शीघ्र निपटान के लिए एक निर्णय तंत्र के रूप में विभिन्न राज्यों में रेरा की स्थापना की गई है। अधिकारी ने कहा कि रेरा के अधिकारियों के साथ उनके कामकाज की प्रकृति के बारे में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि उनपर जीएसटी लागू नहीं होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि रेरा को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषित किया जाता है और इसलिए जीएसटी लगाने का मतलब राज्य सरकारों पर कर लगाना होगा।

आचार संहिता से पहले बैठक संभव

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता और राज्यों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद की बैठक हो सकती है। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर 2023 को हुई थी।

पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं। आईपीएमए ने वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कागज और पेपरबोर्ड का आयात लगभग 10.7 लाख टन था।

आईपीएमए ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में मात्रा के लिहाज से इस जिंस के आयात में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 14.4 लाख टन हो गया था। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक के आंकड़े इसे भी पार कर गए हैं। आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा,

- चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में 14 .7 लाख टन कागज का आयात

''भारी मात्रा में कागज और पेपरबोर्ड के आयात से 'मेक-इन-इंडिया' अभियान और साथ ही पांच लाख प्रतिबद्ध किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है।"

अग्रवाल ने कहा कि भारत में लगभग सभी श्रेणियों के कागज बनाने के लिए घरेलू क्षमता पर्याप्त है और इस तरह अंधाधुंध आयात से देश की अधिकांश पेपर मिलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

देश में 900 से अधिक पेपर मिलें

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 900 से अधिक पेपर मिलों में केवल 553 ही चालू हैं। आईपीएमए ने कहा कि आयात में वृद्धि की मुख्य वजह आसियान देशों से कागज और पेपरबोर्ड के आयात में 142 प्रतिशत की भारी वृद्धि है, जो आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते के तहत शून्य आयात शुल्क पर यहां आती हैं।

- गैर प्रमुख कारोबार में संपत्ति पर ऋण शामिल

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस को 5000 करोड़ मुनाफे की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की आवास ऋण इकाई एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस को कर्ज की मजबूत मांग और गैर-प्रमुख व्यवसाय में विस्तार के कारण चालू वित्त वर्ष में 5,000 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की उम्मीद है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्रिभुवन अधिकारी ने बातचीत में बताया कि गैर-प्रमुख कारोबार में संपत्ति पर ऋण

(एलएपी) और किफायती आवास कर्ज शामिल हैं। सबसे बड़ी आवास वित्त कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष (2022-23) में 2,891 करोड़ रुपये रहा था। सीईओ ने कहा, 'दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों में किफायती आवास खंड मजबूत रहा।

वर्ष का समापन अच्छे आंकड़ों के साथ: अधिकारी ने कहा कि वर्तमान रुझानों के अनुसार चौथी तिमाही आमतौर पर कंपनी के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवधि होती है। 'उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष का समापन अच्छे आंकड़ों के साथ होगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी ने तीन तिमाहियों में 3,675 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है और इस वित्त वर्ष के अंत तक यह 5,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

टोयोटा मोटर ने 269 'लैंड क्रूजर 300' वापस मंगाई

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ईसीयू सॉफ्टवेयर को दोबारा 'प्रोग्राम' करने के लिए अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) टोयोटा लैंड क्रूजर 300 की 269 गाड़ियां वापस मंगा रही है। वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि वह 12 फरवरी, 2021 से एक फरवरी, 2023 के बीच बने मॉडल को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि मॉडल में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन ईसीयू सॉफ्टवेयर को दोबारा प्रोग्राम करने के लिए वापस मंगाया जा रहा है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि फिलहाल, प्रभावित हिस्से से जुड़ा कोई मामला सामने नहीं आया है। इसमें कहा गया कि सभी प्रभावित वाहनों से कंपनी के विक्रेता प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से संपर्क करेंगे।

आईओसी, गेल और ओएनजीसी पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, ओएनजीसी और गेल पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, तेल रिफाइनिंग और ईंधन विपणन कंपनियों आईओसी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन और ऑयल इंडिया लिमिटेड , गैस कंपनी गेल और तेल रिफाइनरी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी कंपनियों ने शेयर बाजार पर अलग-अलग दी सूचना में 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में स्वतंत्र निदेशकों या अनिवार्य महिला निदेशक की अपेक्षित संख्या नहीं होने के कारण बीएसई और एनएसई द्वारा लगाए गए जुर्माने का विवरण दिया।

- निदेशक नियुक्त और मानदंड नहीं किए पूर्ण
- कुल 32 .5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया

जरूरी संख्या में निदेशक नियुक्त नहीं

सार्वजनिक क्षेत्र की छह कंपनियों ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि उन पर तीसरी तिमाही के लिए 5,42,800 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ओएनजीसी, एचपीसीएल, एमआरपीएल, गेल और ओआईएल को अपने बोर्ड में जरूरी संख्या में स्वतंत्र निदेशक नहीं होने के लिए जुर्माना का सामना करना पड़ा।

विदेशी कोषों के निवेश से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि घरेलू मोर्चे पर किसी बड़े घटनाक्रम के अभाव में बाजार के लिए वैश्विक गतिविधियां महत्वपूर्ण होंगी। विश्लेषकों ने कहा कि मासिक वायदा डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान के बीच बाजार में अस्थिरता देखने को मिल सकती है।

- वैश्विक रुझान व घटनाक्रम का पड़ेगा असर
- मासिक वायदा डेरिवेटिव्स अनुबंधों से रहेगी अस्थिरता

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अजित मिश्रा ने कहा, हमें उम्मीद है कि फरवरी महीने के डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान के कारण बाजार में अधिक उतार-चढ़ाव रहेगा।

इसके अलावा प्रतिभागियों को वैश्विक सूचकांकों, विशेष रूप से अमेरिका के प्रदर्शन पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 716.16 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 73,142.8 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर 73,427.5 के बेहद करीब है। मिश्रा ने बताया कि बीते सप्ताह बाजार अस्थिर रहे, लेकिन लगभग एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज करने में सफल रहे। शुरुआती बढ़त के बाद मिलेजुले वैश्विक संकेतों के साथ मुनाफावसूली के चलते बाजार की तेजी सीमित रह गई। मिश्रा ने कहा कि अमेरिकी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के कारण उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में भी तेजी का रुख बना रहेगा।

पीएमआई आदि के आंकड़े होंगे जारी

विश्लेषकों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतें, रुपये की चाल, भारत के साथ ही अमेरिका में जारी होने वाले तिमाही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े और आने वाले सप्ताह में मासिक विनिर्माण पीएमआई आंकड़े बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे।

ईयू ने 27 भारतीय कंपनियों के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| लंदन

यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत में पंजीकृत एक कंपनी समेत 27 कंपनियों के खिलाफ निर्यात प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। नवीनतम प्रतिबंधों की घोषणा रूस-यूक्रेन संघर्ष के दो साल पूरे होने के अवसर पर की गई। शनिवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के दो साल पूरे हो जाएंगे। यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों की नवीनतम घोषणा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनियां शामिल हैं। यूरोपीय संघ का

मानना है कि ये कंपनियां सैन्य एवं असैन्य के दोहरे उपयोग वाले उपकरणों का निर्यात कर रही हैं। हालांकि इन कंपनियों के नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। नामों की सूचना यूरोपीय संघ की आधिकारिक पत्रिका में बाद में प्रकाशित की जाएगी।

विलय, अधिग्रहण सौदों की संख्या 10 फीसदी घटी

नई दिल्ली। भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया।

टाटा मोटर्स ने घरेलू बाजार पर जताई संभावना

यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि पांच फीसदी से कम रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू यात्रा वाहन उद्योग की वृद्धि अगले वित्त वर्ष में घटकर पांच प्रतिशत से नीचे आने की संभावना है। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने यह बात कही है।

- इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पर नहीं पड़ेगा असर

हालांकि, कंपनी को भरोसा है कि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास की धीमी गति के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ेगी। चंद्रा ने विश्लेषक कॉल में कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2022-23 में 25 प्रतिशत की बहुत मजबूत वृद्धि दर्ज की थी, इसके 2023-24 में इसके घटकर आठ प्रतिशत पर आने की आशंका है।

कर्व व हैरियर ईवी लांच पर होगा ध्यान : चंद्रा ने कहा, 'अगले 18 माह में अधिक बिक्री वाले शहरों में हमारे ऐसे विशिष्ट चैनल होंगे।' उन्होंने कहा कि हम 15 से 20 शहरों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 'पंच' इलेक्ट्रिक वाहन की पेशकश के साथ हमारे व्यक्तिगत खंड में चार उत्पाद हो गए हैं।

सबसे बड़ी चुनौती चार्जिंग ढांचे की कमी

यह वृद्धि ऊंचे आधार प्रभाव की वजह से इस स्तर पर आएगी। ऐसे में 2024-25 कुछ अधिक चुनौतीपूर्ण होगा और वृद्धि घटकर पांच प्रतिशत से कम रह जाएगी। उन्होंने आगे कहा, 'जहां तक ईवी का सवाल है, मुझे लगता है कि यहां सबसे बड़ी चुनौती चार्जिंग ढांचे की कमी है। जिस तेजी से ईवी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, चार्जिंग ढांचा उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रहा है।'

दामों पर करीबी नजर

अन्य चुनौतियों का जिक्र करते हुए चंद्रा ने कहा कि पिछली तिमाही से जिंस कीमतें स्थिर हैं। ऐसे में आगे चलकर कुछ चीजों के दामों के ऊंचा जाने का जोखिम है। 'इसलिए हमारी इसपर करीबी नजर है।' चंद्रा ने बताया कि 2023 में जहां कुल यात्री वाहन उद्योग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है, वहीं ईवी की बिक्री में 95 से 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

चार्जिंग ढांचे का होगा विस्तार

चंद्रा ने कहा, 'और मुझे लगता है कि यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है। इसलिए सीएनजी और ईवी में मजबूत पोर्टफोलियो वाली कंपनियां आगे बढ़ेंगी।' टाटा मोटर्स ने ईवी के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार करने को सहयोग की एक मुक्त रणनीति अपनाई है।

बिक्री नेटवर्क बढ़ाने पर ध्यान

चंद्रा ने कहा, ''यह देखते हुए कि ईवी बाजार के विस्तार के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचा जरूरी है, हम सभी चार्ज पॉइंट परिचालकों और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के साथ सहयोग के एक खुले दृष्टकोण को अपना रहे हैं।'' कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपने विशिष्ट बिक्री नेटवर्क का विस्तार करेगी। फिलहाल कंपनी के गुरुग्राम में ऐसे दो आउटलेट हैं।

खबर संक्षेप

पाक में सुरक्षा दल भेजेगा न्यूजीलैंड

कराची। न्यूजीलैंड क्रिकेट इस साल अप्रैल में होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान भेजेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने पुष्टि की कि प्रतिनिधिमंडल में निजी सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकेसन और न्यूजीलैंड खिलाड़ी संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी हीथ मिल्स शामिल होंगे। हाल के वर्षों में जब शीर्ष स्तरीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है तो डिकेसन आईसीसी और अन्य क्रिकेट बोर्डों के नियमित सुरक्षा सलाहकार रहे हैं।

जापान और उत्तर कोरिया ने खेला ड्रॉ

जेद्दा। जापान और उत्तर कोरिया की महिला टीमों ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के पहले चरण में शनिवार को गोल रहित ड्रॉ खेला।

इस मैच का विजेता पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगा। पेरिस ओलंपिक में महिला फुटबॉल स्पर्धा में 12 टीम हिस्सा लेंगी। जापान के यात्रा और अन्य समस्याओं की शिकायत करने के बाद एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इस मुकाबले को उत्तर कोरिया से सऊदी अरब के जेद्दा स्थानांतरित कर दिया था। मुकाबले में जापान ने गेंद को अधिक समय अपने कब्जे में रखा लेकिन उत्तर कोरिया ने विरोधी टीम के चार के मुकाबले गोल करने के नौ मौके बनाए।

भारत ने आयरलैंड को 4-0 से हराया

राउरकेला। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां अपने से कम रैंकिंग की टीम आयरलैंड को 4-0 से हराकर एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण का जीत के साथ अंत किया। भारत की तरफ से नीलकांत शर्मा (14वें मिनट), आकाशदीप सिंह (15वें), गुरजंत सिंह (38वें) और जुगराज सिंह (60वें) ने गोल किए। भारतीय टीम अभी आठ मैच में पांच जीत और तीन हार से 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। नीदरलैंड की टीम 26 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है जबकि ऑस्ट्रेलिया 20 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

लीच कल कराएंगे घुटने का ऑपरेशन

लंदन। भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने के बाद इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच मंगलवार को घुटने की

सर्जरी कराएंगे। इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर के रूप में भारत गए लीच ने हैदराबाद में केवल शुरुआती टेस्ट में हिस्सा लिया जिसे उनकी टीम ने 28 रन से जीता। चोट लगने के कारण काफी अधिक सूजन आई और वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए जिसके बाद उन्हें दौरा बीच में छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा। बीबीसी ने लीच के हवाले से कहा, 'सूजन खत्म करने के लिए मैं ऑपरेशन कराने जा रहा हूं क्योंकि यह ठीक नहीं हो रही है।'

शाश्वत और सोलंकी के शतक मुंबई को पहली पारी में बढ़त

मुंबई। शाश्वत रावत और कप्तान विष्णु सोलंकी के शतकों के बावजूद बड़ौदा रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में रविवार को यहां

मुंबई के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल करने में नाकाम रहा। बड़ौदा ने खेल के तीसरे दिन सुबह अपनी पारी दो विकेट पर 127 रन से आगे बढ़ाई। कल के अविजित बल्लेबाज शाश्वत (124) और सोलंकी (136) ने न सिर्फ शतक जमाए बल्कि तीसरे विकेट के लिए 174 रन की मजबूत साझेदारी भी की। बड़ौदा ने अपने आखिरी आठ विकेट 91 रन के अंदर गंवा दिए जिससे उसकी टीम मुंबई के 384 रन के जवाब में 348 रन पर आउट हो गई।

ध्रुव जुरेल ने 90 रन बनाकर टीम इंडिया को संकट से उबारा

भारत जीत से 152 रन दूर, इंग्लैंड 145 पर ढेर, अश्विन ने 35वीं बार चटकाए 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| रांची

भारत टेस्ट सीरीज और मैच अपने नाम करने से 152 रन दूर है। रांची टेस्ट का तीसरा दिन भारत के नाम रहा। भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 24 और यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 192 रनों का टारगेट दिया है।

इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम की पहली पारी 307 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड को 46 रनों की लीड मिली। इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रनों पर सिमट गई। भारत की ओर से आर अश्विन ने पांच और कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए। अश्विन का ये 35वां 5 विकेट हॉल रहा। वहीं कुलदीप यादव ने चार और रवींद्र जडेजा ने एक विकेट लिया।

जुरेल का पहला अर्धशतक

अपना केवल दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे ध्रुव जुरेल ने 161 पर पांच विकेट खो चुकी भारतीय टीम को संकट से निकाला। जुरेल ने कुलदीप यादव 28 के साथ मिलकर 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। जुरेल ने 149 गेंद पर 90 रन की पारी खेली। इस दौरान छह चौके और चार सिक्स लगाए। यह जुरेल का पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक था। जुरेल ने अपना पहला अर्धशतक जड़ते ही खास अंदाज में जश्न मनाया। जुरेल के जश्न मानने के तरीके ने फैंस का ध्यान खींचा। जुरेल ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद सैल्यूट किया। जुरेल के इस जेस्चर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस को यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है।

पारी में 5+ विकेट लेने वाले गेंदबाज

खिलाड़ी	देश	टेस्ट	विकेट	5+ विकेट
मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका	133	800	67
शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया	145	708	37
रिचर्ड हैडली	न्यूजीलैंड	86	431	36
रविचंद्रन अश्विन	भारत	99	507	35
अनिल कुंबले	भारत	132	619	35

कप्तान रोहित ने पूरे किए 4000 टेस्ट रन

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अनुभवी बल्लेबाज रोहित ने मैच की दूसरी पारी में 20 रन बनाते ही टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए हैं। भारत के लिए टेस्ट में चार हजार रन पूरा करने वाले वह 17वें बल्लेबाज बन गए हैं। इस पारी के दौरान रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 1000 रन भी पूरे किए। टेस्ट में सबसे तेज 4000 रन पूरा करने वाले रोहित शर्मा भारत के 10वें बल्लेबाज हैं। वीरेंद्र सहवाग सबसे तेज ये कारनामा करने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 79 पारियों में ऐसा किया था।

टीम इंडिया ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रही टेस्ट सीरीज में अब तक कुल 52 छक्के जड़ दिए हैं, जो एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। रोहित की सेना टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक सीरीज में 50 से उससे ज्यादा सिक्स लगाने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले साल 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने 47 छक्के जमाए थे। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक छक्के लगने का विश्व रिकॉर्ड भी कायम हुआ है। इस सीरीज में अब तक 75 सिक्स लग चुके हैं। इससे पहले, साल 2023 में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में 74 छक्के लगे थे।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड दूसरी पारी	रन	गेंद	4	6
जैक क्राउली बो कुलदीप	60	91	7	0
डकेट का सरफराज बो अश्विन	15	15	2	0
ओली पोप पगबाधा बो अश्विन	00	01	0	0
जो रूट पगबाधा बो अश्विन	11	34	0	0
बेयरस्टो का फाटीटार बो जडेजा	30	42	3	0
बेन स्टोक्स बो कुलदीप	04	13	0	0
बेन फोक्स का एवं बो अश्विन	17	76	0	0
हार्टले का सरफराज बो कुलदीप	07	25	0	1
रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप	00	03	0	0
शोएब बशीर नाबाद	01	20	0	0
एंडरसन का जुरेल बो अश्विन	00	03	0	0

अतिरिक्त : 00, कुल : 53.5 ओवर में 145/10

गेंदबाजी : अश्विन 15.5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4.

सुहास, प्रमोद, कृष्णा ने विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| पटाया

भारत के सुहास यथिराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की क्रमशः पुरुष एकल एसएल 4, एसएल 3 और एसएच 6 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

पैरालंपिक रजत पदक विजेता दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी यथिराज ने एसएल 4 फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18 21-18 से हराकर अपना पहला विश्व खिताब जीता। कर्नाटक के यथिराज उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। चीन में पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाले भगत ने एसएल 3 फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को 14-21 21-15 21-14 से हराया। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता 35 वर्षीय भगत ने इस प्रकार 2015 में स्टोक मैंडविले और 2019 में बासेल के बाद खिताब की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने 2022 में टोक्यो और 2009 में सियोल में भी स्वर्ण पदक जीते। बिहार के भगत पांच साल की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गए थे। उनके नाम विश्व चैंपियनशिप में कुल 14 पदक हो गए हैं जिसमें विभिन्न वर्ग में छह स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। एसएच 6 श्रेणी में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा नागर भी पुरुष एकल फाइनल में चीन के लिन नेली पर 22-20, 22-20 से जीत हासिल कर चैंपियन बने।

मनीषा और युगल जोड़ियों ने जीता रजत

महिला एकल एसयू 5 में मनीषा रामदास ने फाइनल में चीन की यांग क्यू शिया के खिलाफ 16-21, 16-21 की शिकस्त से रजत पदक जीता। चिराग बरेठा और राज कुमार की पुरुष युगल जोड़ी तथा रचना शैलेशकुमार और निथ्या श्री सुमति सिवान की महिला युगल जोड़ी को क्रमशः एसयू 5 और एसएच 6 श्रेणियों में फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिला युगल (एसल 3-एसयू 5) वर्ग में मानसी जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन को भी फाइनल में लियानी रात्री ओकतिला और खालिमातुस सादिया की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ फाइनल में 20-22 17-21 की हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीते मेहुली, अनीश और गंगा

भोपाल। भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष और हरियाणा के अनीश भानवाला ने रविवार को यहां राष्ट्रीय राइफल पिस्टल चयन ट्रायल के पहले फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।सेना के निशानेबाज गंगा सिंह ने भी पुरुषों की 50 मीटर

राइफल थ्री पोजीशन में पहला स्थान हासिल किया। क्वालीफाइंग में 631.5 अंक बनाकर अंतिम आठ में जगह बनाने वाली मेहुली फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी आशी चौकसी को 0.1 अंक से हराकर पहले स्थान पर रही। उन्होंने 251.6 अंक बनाए। पंजाब की जसमीन कौर तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश ने फिर से अपना दबदबा बनाया और 40 शॉट के फाइनल में 32 अंक बनाकर सेना के गुरमीत सिंह (29) और राजस्थान के भवेश शेखावत (22) को पीछे छोड़ा।

टी20: ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3-0 से किया क्लीन स्वीप, 27 रन से जीता मैच

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय में बारिश की संभावना को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने तीन बार व्यवधान डाला और अंततः 10.4 ओवर में चार विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला।

न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (एक विकेट), एडम जंपा (एक विकेट), नाथन एलिस, मिशेल स्टार्क की किफायती गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक नाबाद 40 रन बनाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 33 जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 27 रन की पारी खेली। शॉर्ट ने 11 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और एक चौका लगाया।

भारत ने 2-1 से जीती फ्रेंडशिप सीरीज

दुबई। सुनील रमेश और अजय कुमार रेड्डी के अर्धशतकों की मदद से भारत ने रविवार को यहां तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर दृष्टिबाधितों की फ्रेंडशिप क्रिकेट सीरीज 2-1 से जीत ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद सलमान के 74 रन की मदद से 9 विकेट पर 193 रन बनाए। भारत ने रमेश के 64 और अजय कुमार के 66 रन की मदद से 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। अजय कुमार को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पाकिस्तान ने पहला मैच जीता था लेकिन भारत ने शानदार वापसी करके लगातार दो मैच जीत कर श्रृंखला अपने नाम की।

अभय सिंह ने जीता गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने टोरंटो में गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में इलियट मौरिस डेवरेड को 3-0 से हराकर आठवां पीएसए खिताब जीता।

इस चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि नौ हजार डॉलर थी। शीर्ष वरीय भारतीय अभय ने अपने करियर के 12वें फाइनल में खेलते हुए डेवरेड को 40 मिनट में 11-7, 11-9, 11-9 से हराया। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी अभय का



साल का यह दूसरा चैलेंजर खिताब है। इससे पूर्व उन्होंने पिछले महीने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन का खिताब जीता था।

अमेलिया केर ने 17 रन देकर झटके चार विकेट

मुंबई की लगातार दूसरी जीत गुजरात को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई की टीम ने 18.1 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय

उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत कौर (नाबाद 46) और अमेलिया केर (31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी करके टीम को 11 गेंद शेष रहते हुए जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया।

इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्होंने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्यक्रम और निचलेक्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए।

आइसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दी सजा

हसरंगा दो मैच के लिए बैन, गुरबाज पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दाम्बुला में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा को दो मैच के लिए निलंबित किया है। अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

आईसीसी ने बयान में कहा, 'श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान और आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद वानिंदु हसरंगा

को आईसीसी आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके कुल डिमेरिट अंक पांच तक पहुंचने के बाद दो मैचों के लिए निलंबित किया गया है। आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के लिए उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और तीन डिमेरिट अंक मिले हैं।' हसरंगा से जुड़ी घटना बुधवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के अंत में हुई जब वह फुलटॉस गेंद को नोबॉल करार नहीं दिए जाने के फैसले की आलोचना करने के लिए मैदानी अंपायर लिंडन हैनिबल के पास पहुंचे। आईसीसी ने कहा, 'इसका मतलब है कि उन्हें एक टेस्ट मैच या दो वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय, जो भी पहले हो, के लिए प्रतिबंध झेलना होगा। नतीजतन हसरंगा को अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

बल्ले की ग्रिप में किया बदलाव

अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज पर भी उसी मैच में आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। उन्होंने आचार संहिता के नियम 2.4 का उल्लंघन किया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्देश को नहीं मानने से संबंधित है। इसके कारण गुरबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया जो 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा ऐसा अपराध है और उनके कुल दो डिमेरिट अंक हो गए हैं।आईसीसी ने कहा, 'बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद मैदान पर बल्ले की ग्रिप में बदलाव के लिए रहमानुल्लाह को सजा मिली।'

29 को रिलीज होगा थ्रिलर फिल्म योद्धा का ट्रेलर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म 'योद्धा' को लेकर सुर्खियों में छाए हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में फिल्म का जबर्दस्त टीजर रिलीज हुआ था। इसके अलावा बीते दिन फिल्म का पहला गाना भी रिलीज किया गया है। अब दर्शकों को फिल्म धमाकेदार ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में अभिनेता ने 'योद्धा' ट्रेलर के रिलीज डेट का खुलासा किया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। इस पोस्टर में अभिनेता दमदार कमांडो लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म का नया पोस्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने साझा किया है। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा, अपनी सीट बेल्ट बांध लें।

लाइफ Style

रश्मिका

नहीं लिया सफलता का क्रेडिट

फिल्म 'एनिमल' 2023 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर लोग दो गुटों में बंटे दिखे। कई वजहों से इसकी आलोचना भी हुई। फिल्म की सफलता को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने बताया कि क्यों सक्सेस का क्रेडिट नहीं ले रहीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका ने मिरर सेल्फी तस्वीरें भी शेयर की हैं लेकिन अपना चेहरा नहीं दिखाया है। उन्होंने चेहरे को फोन से कवर कर रखा है। रश्मिका ने नोट में लिखा, हाय दोस्तों, मैं अपना पूरा चेहरा नहीं दिखा सकती क्योंकि यह एक नई फिल्म का लुक है और मैं हमेशा की तरह फिल्म टीम से पहले इसका खुलासा नहीं कर सकती लेकिन शूटिंग अच्छी चल रही है। बस आपको बताना चाहती हूं सभी जानते हैं। इसके अलावा एक और चीज है, जिसके बारे में मैं बात करना चाहती थी। यह कहा जा रहा है कि वह अपनी सक्सेस का ऑनरशिप नहीं ले रही है।

रश्मिका आगे कहती हैं, ओके, तो बात ये है कि मुझे पता है कि प्यार और फिक्र की वजह से ऐसा होता है। हमने एक बहुत बड़ी फिल्म (एनिमल) दी है और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। मैं भी इसको एंजॉय करने के लिए कुछ समय निकालना चाहती थी, जैसा कि हर कोई चाहता है लेकिन मैं अपनी फिल्म रिलीज के अगले दिन सेट पर वापस आ गई थी इसलिए मैं ऐसा नहीं कर पाई। ढेर सारे इंटरव्यू और कार्यक्रम हुए। मुझे काम के लिए रात भर जर्नी करनी पड़ रही है। मैं अपने करियर की कुछ सबसे बड़ी फिल्मों की शूटिंग कर रही हूं।

हॉलीवुड मसाला

किमेल लाइव इवेंट की बनीं गेस्ट

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी एक्ट्रेस एमिली ओलिविया लौरा ब्लंट अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एमिली की कुछ तस्वीरें सामने आईं जो इस समय चर्चा में हैं। हसीना को जिमी किमेल लाइव पर स्पेशल गेस्ट बन कर पहुंची थी। इस दौरान उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो ऑस्कर-नामांकित ओपेनहाइमर स्टार ब्लैक एंड व्हाइट पोलका डॉट वन पीस ड्रेस में स्टनिंग दिखीं। उनकी ये ड्रेस डीप नेक थी, जिसकी कमर पर एक बेल्ट थी।

बेंजामिन जोसेफ को डेट कर रहीं सलीना

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सलीना गोमेज अक्सर अपनी तस्वीरों के चलते सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में सलीना को एक शो में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो हसीना ब्लैक शॉर्ट ड्रेस पेयर की थी। अपने फिगर को फ्लॉन्ट करने के लिए सलीना ने गोल्डन बकल वाली ब्लैक बेलट पेयर की थी। मिनिमल मेकअप, न्यूड लिपस्टिक,ईयरिंग्स हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। इस दौरान सिंगर ने ब्लैक हाई हील्स बूट्स पेयर किए थे। सेलेना म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था।

शाहरुख संग करना चाहती हैं अभिनय

मुंबई। फिल्मों के अलावा भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लोगों के सवालों के जवाब देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने फैंस के बहुत से प्रश्नों का उत्तर दिया। इस सेशन के दौरान जब अभिनेत्री से एक फैन ने पूछा कि आप भविष्य में किस एक्टर के साथ काम करना चाहेंगी? इस पर भूमि ने बिना देर लगाए शाहरुख खान का नाम लिया। उन्होंने बताया कि किंग खान के साथ फिल्म में काम करने का उनका बचपन का सपना है। अभिनेत्री ने साझा की गई वीडियो स्टोरी में कहा, यार ईमानदारी से कहूं तो शाहरुख सर के साथ फिल्म में काम करने का बचपन का सपना है। मैं इसके बहुत नजदीक पहुंच चुकी हूं, क्योंकि उन्होंने भक्षक का निर्माण किया है।

पर्सनल लाइफ को लेकर की बात



मुंबई। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जिंदगी को लेकर काफी वोकल रहे हैं। साल 2015 में शाहिद कपूर की शादी मीरा राजपूत के साथ हुई थी वो पत्नी के साथ अपनी रिलेशनशिप पर खुलकर बोलते रहे हैं। अपनी दोस्त नेहा धूपिया के साथ एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया था कि उनका रिश्ता भी बाकी कपल्स के रिश्तों की तरह ही है। शाहिद कपूर ने कहा कि कई बार उनका मीरा के साथ झगड़ा हो जाता है लेकिन यह करीब 15 दिनों तक चलता है। शाहिद ने इस इंटरव्यू में बताया, "जब मेरा और मेरी पत्नी का झगड़ा होता है तो यह वो चीज है जो मुझे बहुत परेशान करती है। मुझे वापस नॉर्मल होने में वक्त लगता है। हमारा हर रोज तो नहीं लेकिन कुछ महीने में एक बार झगड़ा होता है ।

घिसे-पिटे ट्रैक दर्शकों को नहीं आ रहे रास क्या ऑफ-एयर होगा अनुपमा?

मुंबई। मशहूर सीरियल 'अनुपमा' टीआरपी लिस्ट में हमेशा आगे रहता है। दर्शकों को भी अनुपमा और अनुज की लव स्टोरी खूब पसंद आती है, लेकिन पिछले कुछ समय से दर्शकों को ये शो कुछ खास रास नहीं आ रहा है। दर्शकों का मानना है कि मेकर्स ने शो की स्टोरी को पहले से भी ज्यादा



बकवास कर दिया है। जहां दर्शकों को लग रहा था कि अब शो में अनुपमा की सक्सेस को दिखाया जाएगा, तो वहीं मेकर्स अनुपमा की जिंदगी में अनुज को वापस लेकर आ गए हैं। एक बार फिर अनुपमा, अनुज और छोटी अनु के बीच फंस गई है। ऐसे में दर्शक इस शो के घिसे-पिटे ट्रैक से परेशान हो गए हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या ये शो ऑफ-एयर हो जाएगा? दरअसल, सीरियल में इन दिनों अनुपमा अमेरिका में एक बार फिर परिवार में बंध गई है। विदेश में किंजल से मिलने के बाद अनुपमा पोती परी की देखभाल में लग गई है। जबकि तोषू को मां पर गुस्सा दिख रहा है। इसके चलते वह उसकी पर्सनल लाइफ में दखलअंदाजी करता हुआ दिख रहा है।

उर्वशी ने बर्थडे पर काटा 24 कैरेट का गोल्ड केक

मुंबई। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने रविवार को अपना 30वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने रैपर यो यो हनी सिंह के साथ अपने बर्थडे का केट काटा। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेत्री ने रैपर यो यो हनी सिंह द्वारा उपहार में दिया गया 24 कैरेट गोल्ड का केक काटकर अपना खास दिन मनाया। हनी सिंह के साथ केक काटते हुए एक्ट्रेस की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उर्वशी और हनी अपने दूसरे सहयोग, 'सेकेंड डोज' और 'विग्डियन हीरयान' पर काम कर रहे हैं। दोनों ने इससे पहले यो यो हनी सिंह के इंटरनेशनल वीडियो एलबम 'लव डोज' में साथ काम किया था, जो 2014 में रिलीज हुआ था। उर्वशी के पास अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकीर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109' और सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स' का रीमेक) जैसे प्रोजेक्ट हैं।

लोग भगवान का आश्रय क्यों नहीं लेते

प्यारे लाल त्रिवेदी

सम्बन्ध - फिर भी लोग भगवान का आश्रय क्यों नहीं लेते? कर्म सिद्धि की जिन्हें कामना-करते देवों की उपासना इस लोक में कर्म जो करता-उसका उसे शीघ्र फल मिलता यदि हो सांगोपांग साधना-तभी करें सुर पूर्ण कामना अनहित को-सुर देते हैं फल साधक को और जन्मते रहते ध्यान दिये बिन हित अस साधक बन्धन में जो उपासना पड़ते-मरते मेरी करता- मैं उसका मंगल ही करत

सम्बन्ध - कर्मों में पवित्रता कैसे आती है-इसे बताने के लिये अब भगवान अप कर्मों की दिव्यता का विशेष वर्णन करते हैं।

गुण और कर्मों के विभाग से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र- ये चारों वर्ण को द्वारा रचे गये हैं। ऐसी सृष्टि की रचना का कार्य करता हुआ भी मैं अव्यय परमेश्वर वस्तुत: अकर्ता ही हूं। यह बात तुम भली प्रकार जान लो ।

क्योंकि कर्मों के फल में मेरी स्पृहा नहीं है अतएव मुझे कर्म लिप्त नहीं करते। जो मनुष्य मेरे इस तत्त्व को भलीप्रकार से समझ जाता है वह भी कर्मों के बंधनों से मुक्त ही रहता है ।।

दोहा - काल अनादि से सृष्टि तक, जन्म जन्म पर्यन्त । जीवों के वे कर्म जो, रहे अभुक्त अनन्त सृष्टि समय मैंने रचा, उन गुण कर्म

श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या

अनुसार । ब्राह्मण क्षत्री वैश्य अरु शूद्र वर्ण ये चार ।

कुम्हार जब भी पात्र बनाता-तब मिट्टी का व्यय हो जाता मैं ही मिट्टी कुम्भकार भी-बर्तन मैं ही निराकार भी सृष्टि स्वयं से ही मैं रचता-फिर भी मैं अव्यय ही रहता रचना पालन आदिक करता-किन्तु अकर्ता ही मैं मेरे कर्मों में न विषमता-पक्षपात आसक्ति न मुझे कर्म फल की न कामना-अत: कर्म निर्लिप्त जब व्यक्ति का काम मिट जाता-अंत:करण शुद्ध हो रहता ममता जानना जाता तब मनुष्य ठीक से समझता-मेरे कर्मादि की दिव्यता

दोहा - मुझमें फल इच्छा नहीं, और न कर्ता भाव। रचना करता सृष्टि की, केवल कृपा स्वभाव ।। इस प्रकार जो तत्त्व से, मुझको लेता जान । कर्मों का बन्धन मिटे, पाये मेरा भान ।।

सम्बन्ध - मुमुक्षु पुरुषों का उदाहरण देते हुये निष्काम भाव से अपना कर्तव्य-कर्म करने की आज्ञा देते हैं। यह जानकर ही पूर्वकाल में मुमुक्षुओं ने भी कर्म किये हैं। अतएव पूर्वजों द्वारा सदा से किये जाने वाले कर्मों को ही जैसे पूर्वजों ने किया है, उसी प्रकार से तू भी करपूर्व काल के मुमुक्षु जन भी किया विचार और चिन्तन भी तनु पर हित के लिये समझते-निज कर्तव्य रहे वह करते जो कुछ किया लोक हित में ही-कर्मयोग का मर्म भी यही करो पूर्वजों का अनुशीलन-निज कर्तव्य करो हे अर्जुन

सम्बन्ध - अब कर्मों को तत्त्व से जानने के लिये प्रकरण आरम्भ करते हैं।

कर्म क्या है? और अकर्म क्या है? इसका निर्णय करने में बुद्धिमान पुरुष भी भ्रमित हो जाते हैं। अत: एव वह कर्म-तत्त्व मैं तुझको भली प्रकार से समझाऊंगा, जिसे जानकर तू अशुभ से अर्थात् कर्मबन्धन से मुक्त हो जायगा।

बुद्धिमान शास्त्रज्ञ सयाने-कर्म अकर्म भेद नहिं जानें शास्त्रों को पढ़कर सुनकर भी-निर्णय नहिं कर पाते फिर भी

सम्बन्ध -अब भगवान कर्मों के तत्तव को जानने की प्रेरणा करते हैं।

कर्म का तत्त्व भी जानना चाहिये, विकर्म का तत्त्व भी जानना चाहिए और अकर्म का तत्त्व भी जानना चाहिए, क्योंकि कर्म की गति गम्भीर है।।

दोहा - कर्म तत्त्व भी जानिये, अरु अकर्म का तत्त्व कर्म निषिद्ध विकर्म है, परम गूढ़ सब तत्त्व।

सम्बन्ध - कर्मों के तत्त्व को जानने वाले मनुष्य की प्रशंसा।

जो पुरुष कर्म में अकर्म देखता है और अकर्म में कर्म देखता है, वह मनुष्यों में बुद्धिमान है। वही वस्तुत: योगी है और सम्पूर्ण कर्मों को करने वाला है।।

सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

भक्त सारे संसार का उद्धार चाहते हैं

इंसान उस स्तर पर जीवन जीता है जहां केवल अपने बारे में ही सोचा जाता है लेकिन अपने लिए जीना कोई जीना नहीं, इसलिए भक्तजन परोपकारी होते हैं, वह सारे संसार का उद्धार चाहते हैं, कल्याण चाहते हैं और इसके लिए लगातार तन, मन, धन के योगदान देते हैं। तन, मन, धन की कीमत भी तभी है जब इन्हें परोपकार के लिए इस्तेमाल किया जाता है, नेकी के लिए लगाया जाता है। कबीर जी ने कहा, 'कबीर दिए जा जब तक तेरी देह, देह खेह हो जाएगी, कौन कहेगा दे' यानि हे इंसान! तेरे शरीर के जिन्दा रहते तू परोपकार कर ले, जब तेरा शरीर मिट्टी में मिल जाएगा तब तुझे कौन कहेगा कि परोपकार कर। संतजन बलिदान देकर भी इंसान का भला करने का अपना कर्म नहीं छोड़ते। वह संसार के अंधकार को दूर करने के लिए आशा की एक किरण बनते हैं, वही धरती के लिए वरदान सिद्ध होते हैं। इंसान को कदम-कदम पर यह बात बताई जाती है कि सब की भलाई में ही हमारी भलाई छुपी है। आज इंसान भलाई करने की बजाय दूसरों का नुक्सान करने में लगा है। भक्तजन फरमाते हैं कि हे इंसान! अगर तू किसी का भला नहीं कर सकता तो कम से कम बुराई करना तो छोड़ दे, कम से कम दूसरों का नुक्सान करने के रास्ते पर मत चल। अपने आप को संभाल ले, ऐसी मानसिकता में खुद को ढाल ले जिससे तेरा खामोश रहना भी भलाई का कारण बन जाए। संतजनों के इन वचनों को अपनाने से ही इंसान का जीवन संवरता है। चाहे सतयुग हो, त्रेता हो या द्वापर हो, हर युग में पीर-पैगम्बरों ने इसी ओर अग्रसर किया कि परमात्मा को जानो, मानो और फिर एक हो जाओ। इस तरह से एकता के एक सूत्र में बंध जाओ।

जरूरी है इन्द्रियों का नियंत्रण

चक्षु इंद्रिय का मुख भी बाहर ही है, इसलिए हर बाहर के विषय का ज्ञान करने के लिए वृत्ति को इंद्रिय गोलकों से निकलकर बाहर जाना पड़ता है। जब वृत्ति चक्षु इंद्रिय के गोलक नेत्र द्वारा से निकलकर इंद्रिय सहित बाहर दर्पण पर जाती है, तो दर्पण अधिक स्वच्छ, चमकदार होने से वृत्ति दर्पण पर टिक नहीं पाती अर्थात दर्पणाकार नहीं हो पाती। जैसे गेंद को दीवार पर मारने से गेंद दीवार को तो पार कर नहीं पाती और दीवार पर टिक नहीं सकती, इसलिए पुन: पीछे को वापस लौटती है। वैसे ही नेत्र से निकली हुई वृत्ति गेंद की भांति शीशे पर जाकर टकराती है, शीशे के पीछे मसाला लगा होने से पार नहीं कर पाती और शीशे पर टिक नहीं पाती, इसलिए गेंद की भांति पीछे को मुख की तरफ लौटती है। फिर वह पीछे को वापस होती है, जब वृत्ति बाहर जा रही थी, तो इंद्रिय वृत्ति का मुख बाहर की ओर था। जब दर्पण से टकराकर वापस लौटी तो नेत्र इंद्रिय वृत्ति का मुख भी पीछे को हो गया अर्थात जिधर से इंद्रिय वृत्ति निकलकर बाहर गई थी उधर ही अब वृत्ति का मुख हो गया।

जब वृत्ति का मुख उधर हो गया जिधर से निकलकर बाहर गई थी, तो गर्दन पर मुख का दर्शन करती है, किंतु ऐसा प्रतीत होता है कि मुख दर्पण में दिखाई दे रहा है। वास्तव में मुख दर्पण में नहीं दिखाई दे रहा है, मुख तो गर्दन पर ही दिखाई दे रहा है।

निवेदन : यह बात तो समझ में आ गई, किंतु अभी आपने कहा है कि भूख, प्यास, काम, क्रोध व रोग आदि शरीर में होते हैं, किंतु अंत:करण विशिष्ट चेतन अनुभव करता है, इसे उदाहरण देकर और भी स्पष्ट कीजिए?

मार्गदर्शन : जैसे किसी मकान में कूड़ा-कचरा होने से मकान गंदा हो जाता है, किंतु मकान को यह ज्ञान नहीं कि मुझमें कूड़ा-कचरा है, मैं गंदा हूं और न ही मकान की यह इच्छा है कि यह कूड़ा-कचरा, गंदगी मेरे अंदर से निकल जाए और न ही मकान कचरा निकालने का पुरुषार्थ ही करता है।

नूतन और बलराज साहनी पर फिल्माया गया था ये खास गाना

सिर्फ एक टेक में बलराज साहनी ने शूट किया था 'तू प्यार का सागर है' गाना

गाने की शूटिंग के लिए एक कुर्सी पर लगातार बैठे रहे थे बलराज साहनी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साल 1955 में नूतन और बलराज साहनी ने एक फिल्म में काम किया था, जिसका टाइटल था 'सीमा'। इस फिल्म में नूतन के अपोजिट बलराज साहनी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन अमिय चक्रवर्ती ने किया था, जिन्होंने उस दौर में शहंशाह और कठपुतली जैसी फिल्में दी थी।

एक टेक में शूट किया पूरा गाना

बलराज साहनी ने अमिय के जोर देने के बाद ये गाना उसी दिन शूट किया। ऐसा कहा जाता है कि बलराज साहनी गाने में एक कुर्सी पर बैठ गए और एक टेक में ही ये पूरा गाना शूट हो गया। अगर आप इस गाने का गौर से देखेंगे तो आपको ये एहसास होगा कि कैसे इस गाने में केवल तीन शॉट्स ही लगाए गए हैं। तू प्यार का सागर है' गाने को मन्ना डे ने अपनी खूबसूरत आवाज दी, तो वहीं इस गाने के लिरिक्स शैलेंद्र ने लिखे। इसके अलावा इस गाने का म्यूजिक शंकर और जयकिशन ने दिया था।

एक कुर्सी पर शूट हुआ था 'तू प्यार का सागर है' गाना

आज के दौर में जहां एक गाने को शूट करने के लिए मेकर्स कई-अलग लोकेशंस की तलाश में विदेशों तक पहुंच जाते हैं, तो वहीं 'सीमा' में एक पूरा गाना एक कुर्सी पर बैठकर ही बलराज साहनी ने शूट कर दिया था। मन्ना डे द्वारा गाए गीत'तू प्यार का सागर है' गाने की शूटिंग करने के लिए बलराज साहनी ने सिर्फ 1 दिन में की थी। दरअसल बलराज साहनी को किसी काम के सिलसिले में जल्द से जल्द एयरपोर्ट पहुंचना था, लेकिन डायरेक्टर अमिय चक्रवर्ती ने उनके सामने ये शर्त रख दी थी कि 'तू प्यार का सागर है' गाना उसी दिन शूट होना है। निर्देशक की बात के आगे जब अभिनेता बलराज साहनी का बस नहीं चला, तो उन्होंने इस गाने को जल्द से जल्द जैसे-तैसे शूट किया।

प्रधानमंत्री ने गाजीपुर रेलवे के विकास को दिए 36.63 करोड़, किया लोकार्पण व शिलान्यास

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाईव प्रसारण के माध्यम से 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओ की सौगात दी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पूनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर पास का शिलान्यास/उद्घाटन का राष्ट्र को समर्पण किया गया। इसी क्रम में प्रदेश मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने जनपद गाजीपुर में 20 करोड़ की लागत से पांच ओवर ब्रिज अंडर पास जिसमें शेखपुर औड़िहार, औड़िहार, जलालाबाद, खालिसपुर और रघुवरगंज मे रेलवे अंडरपास का निर्माण का लोकार्पण तथा 16.63 करोड़ की लागत से जनपद गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन के सुदृढ़ीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विकास की योजना का शिलान्यास किया गया है। इसके अतिरिक्त औड़िहार एवं दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर लाइव प्रसारण देखा गया। मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्षत सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह एवं अन्य पार्टी पदाधिकारियों एवं आमजन, अन्य पार्टी के नेतागण, प्रबुद्ध नागरिको ने कार्यक्रम स्थल स्टेशन परिसर पर प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन को एलईडी के माध्यम से देखा व सुना।

मुख्य अतिथि कबीना मंत्री अनिल राजभर ने अपना सम्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि 41 हजार करोड़ की परियोजना आज चरितार्थ हो रही है । शिलान्यास, उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण भारतीय रेल द्वारा अपने रेलमार्गों को सुरक्षित और संरक्षित करने के उद्देश्य से लेवल क्रॉसिंगों का उन्मूलन किया जा रहा है। इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के 267 रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण किया जा रहा है। भारतीय रेल के इस सराहनीय प्रयास से भारतीय रेल के संचालन में समयपालनता के सुधार के साथ-साथ ही ट्रेनों की संरक्षा एवं सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा तथा आवागमन की सुविधा को बेहतर करने में सहायता मिलेगी। ज्ञात हो कि लेवल क्रॉसिंगों पर होने वाली दुर्घटनाएं भारतीय रेल में एक समस्या का कारक रही हैं। अब लेवल

क्रॉसिंगों के उन्मूलन के लिए बन रहे इन रोड ओवर ब्रिजों एवं अंडरपासों से रेल परिचालन और मानव जीवन दोनों को लाभ मिलेगा। भारतीय रेल ने वर्ष 2019 में ही मानव रहित समपार समाप्त कर दिए थे। अब क्रमिक रूप से धीरे-धीरे फाटक वाले समपार भी समाप्त किये जा रहे हैं और इस वृहद प्रयास की दिशा में यह कार्यक्रम एक बहुत बड़ा कदम है।

नए भारत के नए स्टेशन आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी इकॉनमी है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसी नीतियों से अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। विकासशील देश से विकसित राष्ट्र की पंक्ति की ओर बढ़ते नए भारत की रेल, प्रगति के इस सफर की हमसफर है। आधुनिक टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा भारतीय रेल यात्री सुविधा को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने की ओर तत्पर है। इसी क्रम में सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना लागू की गई है। यह योजना देश के स्टेशनों को बदलते भारत की बदलती तस्वीर के अनुरूप बनाएगी और क्षेत्रीय समृद्धि के हस्ताक्षर के रूप में विकसित करेगी। योजना के बेहतर करेगी। माध्यम से भारतीय रेल स्टेशनों के नवीनीकरण के साथ पुरानी सुविधाओं को भी और उत्तर प्रदेश के 74 स्टेशनों को विकसित करने के कार्य के शुभारंभ के उद्देश्य से शिलान्यास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उत्तर रेलवे के 31, पूर्वोत्तर रेलवे के 25 एवं उत्तर मध्य रेलवे के 18 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन का प्रस्तावित विकास कार्य 7वे अवधारणा पर आधारित है, जिसमें सिटी सेंटर का निर्माण, कंजेशन फ्री स्टेशन अर्थात अलग आगमन और प्रस्थान, लिफ्ट, एस्केलेटर, अन्य यात्री सुविधाओं की उपलब्धता, मौजूदा प्रकृति और स्वरूप का संरक्षण, स्वच्छता, संचार सुविधाएं और, परिवहन के अन्य साधनों के साथ संयुक्त विकास शामिल हैं। योजना के अंतर्गत स्टेशन तक पहुँचने का मार्ग, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट एवं एस्केलेटर जैसी आवश्यक सुविधाओं में सुधार, दिव्यांगजनों के अनुकूल, बेहतर स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, स्टेशन एक उत्पादश के लिए कियोस्क के माध्यम से स्थानीय उत्पादों एवं क्राफ्ट्समेन को प्रोत्साहन, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, पार्किंग, लैंडस्केपिंग आदि जैसी सुविधाओं को आधुनिक मापदंडों के अनुसार विकसित किया जाएगा। स्टेशनों के रिडेवलपमेंट में प्रवेश पोर्च, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, प्लेटफार्म के ऊपर कवर शेड, बेहतर फसाड और एस्केलेटर/लिफ्ट, वेटिंग हॉल तथा स्टेशन की अंदरूनी दीवारों की क्षेत्रीय कला एवं रूचि के अनुसार साज-सज्जा, पर्याप्त संख्या में साफ-सुथरे शौचालय, शानदार फर्नीचर, 12 मीटर चौड़े सेंट्रल फुट ओवर ब्रिज के निर्माण जैसे कार्य भी आवश्यकता और उपयोगिता के अनुसार कराये जाएंगे। उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित 74 स्टेशन यात्री सुख-सुविधा को नया आयाम देने के साथ-साथ व्यापारिक, वाणिज्यिक और स्थानीय हस्तशिल्प के लिए वाइब्रेंट इको सिस्टम निर्मित करेंगे, रोजगार के अवसर बनाएंगे और क्षेत्रीय समृद्धि को नई उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्हाने मंच पर आसीन विशिष्ट अतिथियों को अभिवादन करते हुए कहा कि गाजीपुर में इस धरती पर भारत सरकार का रेल विभाग वृहद परिककल्पना को सार्थक करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्होने गाजीपुर के सभी सम्मानित लोगो को शुभकामना दी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जो अमृत स्टेशन बनाया है उसका अमृत काल के इस काल खण्ड में लोकापर्ण हो रहा है।

काशी विद्यापीठ में अन्तर्महाविद्यालयीय नेटबाल (पुरुष) का ट्रायल 27 फरवरी को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अन्तर्महाविद्यालयीय नेटबाल (पुरुष) का ट्रायल/प्रतियोगिता 27 फरवरी, 2024 को दोपहर 12 बजे से विश्वविद्यालय के पं. जवाहर लाल नेहरू क्रीड़ांगन में अयोजित है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों सहित विश्वविद्यालय परिसर, एन.टी.पी.सी., गंगापुर परिसर एवं भैरव तालाब परिसर के संस्थागत छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रो. सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र अपने इलिजिबिलिटी प्रोफार्मा के साथ हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र,

इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र, फीस रसीद, आधार कार्ड तथा कोविड-19 के टीकाकरण की छाया प्रति को प्रोफार्मा के साथ संलग्न करते हुए चार पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नेटबाल प्रभारी कु. बीना से संपर्क कर सकते हैं।

जिले को मिला क्रिटिकल केयर युनिट की सौगात

प्रखर कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कुशीनगर नगर जनपद को क्रिटिकल केयर युनिट की सौगात दिया है। क्रिटिकल केयर युनिट से गंभीर मरीजों के समुचित इलाज में सहूलियत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने क्रिटिकल केयर युनिट का राजकोट एम्स से वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास भी कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया कि क्रिटिकल केयर युनिट बन जाने से गंभीर मरीजों के उपचार में काफी सहयोग मिलेगा. यह युनिट विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लैस होगा. उन्होंने कहा कि जिले में बनने वाला 50 बेड वाला क्रिटिकल केयर युनिट गंभीर मरीजों तथा जनपद के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत सभागार में आयोजित

वर्चुअल लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर सांसद विजय दुबे ने भाजपा सरकार नीतियों और उपलब्धियों को भी गिनाया। सभी ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' भी ध्यान से सुनी। कार्यक्रम में भाजपा सांसद के अलावा विधायक मनीष जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, फूलबदन कुशवाहा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचएस राय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी तथा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

नव नियुक्त एएनएम को दिया नियुक्ति पत्र- उक्त कार्यक्रम में ही सांसद विजय दुबे, विधायक मनीष जायसवाल, सीएमओ डॉ.सुरेश पटारिया तथा मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा नव नियुक्त एएनएम को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नव नियुक्त एएनएम के चेहरे खिल उठे।

रवि मिस्टर फ्रेशर तो श्रेया बनी मिस फ्रेशर

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान में एम ए (जेएमसी) प्रथम सेमेस्टर के नवआगंतुक छात्र- छात्राओं के लिए एमए (जेएमसी) तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा स्वागत समारोह 'आरम्भ' का आयोजन किया गया। रवि को मिस्टर फ्रेशर, श्रेया को मिस फ्रेशर, सोनी को मिस क्वीन और विकास को मिस्टर किंग का ताज पहनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमें अपने संस्थान की गरिमा को आगे बढ़ाना है। यही उत्साह आपको अपने कार्यक्रम में भी दिखाना है। जब आप यहाँ से निकल के कहीं जाते हैं और आप नौकरी पाते हैं तो वहाँ मै अपने आप को पाता हूँ। संस्थान की अपनी एक विरासत और इतिहास है। आपके प्रत्येक व्यवहार से इस संस्थान रुपी परिवार की गरिमा जुडी हुई है निश्चित ही आपका संस्कार अच्छा रहा जो आप यहाँ आये हैं। यहाँ लाभ प्राप्त करने के साथ अपने जीवन के प्रगति पथ पर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. दयानन्द ने कहा कि यह 'आरम्भ' दो पीढियों के ऊर्जा का प्रसार है। संस्थाएं हमें कभी नहीं छोड़ती। संस्थाएं हमारा स्वागत करती हैं और बहुत दूर तक स्वागत करती हैं। वरिष्ठ अध्यापक डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप जीवन में अच्छे कार्य करें। आप जीवन भर कीर्ति और यश को प्राप्त करें। अगले वक्ता डॉ. संतोष कुमार मिश्र ने नवांगतुक छात्रों को भविष्य के लिए छात्रों

को शुभकामनायें देते हुये कहा कि पत्रकारिता के किसी भी फील्ड में रहिये अच्छा करिये। कार्यक्रम का संचालन विदुषी एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र पाठक, डॉ. जय प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. जिनेश, डॉ. देवाशीष वर्मा, डॉ. शिव यादव, शैलेश चौरसिया, अनिरुद्ध पाण्डेय, मो. जावेद एवं अनमोल, आस्था, संस्कृति, आकांक्षा, साक्षी,सचिन, अनिमेष, सतीश, विशाल सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पावरलिफ्टिंग में गाजीपुर के अंकुश बने पूर्वांचल श्री पुरुष जबकि मिर्जापुर की सलोनी पूर्वांचल श्री महिला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को जिले के नेहरू स्टेडियम में पांचवी पूर्वांचल श्री पावरलिफ्टिंग की प्रतियोगिता संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता पिछले 5 सालों से अनवरत कराई जा रही है। जिसमें सुल्तानपुर से लेकर गोरखपुर तक की सभी 18 जिलों की टीमों से 140 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में पूर्वांचल की अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें गाजीपुर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा इस प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप का खिताब पुरुष गाजीपुर को और महिला मिजार्पुर को मिला। बेंच प्रेस पूर्वांचल श्री पुरुष मऊ के सुधाकर यादव को बेंच प्रेस पूर्वांचल श्री महिला सुल्तानपुर के तहमीम जाहरा को मिला डेडलिफ्ट पूर्वांचल श्री पुरुष गाजीपुर के अंकुश भारती को एवं डेडलिफ्ट पूर्वांचल श्री महिला मिजार्पुर की सलोनी को मिला

प्रतियोगिता का उद्घाटन गाजीपुर जिले के प्रमुख व्यवसाई संदीप अग्रवाल ने किया एवं समापन गाजीपुर जिले के ही पावरलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरविंद शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथियों की श्रेणी मे पूर्व सभासद संजय सिंह, विनोद शर्मा, सुधीर प्रधान, अमित सैनी रहे ऑफिशियल की भूमिका में कमलापति त्रिपाठी, प्रदीप राय, वीरेंद्र कुमार, एबादुर रहमान, शमशेर खान, चंद्रभान चौबे, सरवर डेजी रामप्रवेश कुशवाहा, संजय कुमार, शमशु, आजाद रहे। संस्था के सभी पदाधिकारी विनय सिंह, मनोज सिंह, पंकज सिंह, महेश प्रताप सिंह, मोहित श्रीवास्तव, ब्रजेश सिंह, संजीव सिंह बॉबी, नवीन सिंह, संजय राय, अमित सिंह, पंकज श्रीवास्तव, इबादुर रहमान, ताजिम खान राज, संतोष राय, प्रशांत राय, सत्यम राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उक्त प्रतियोगिता की जानकारी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं संघ के सचिव अमित राय ने दी।

सोनार संत शिरोमणि नरहरी दास की धूमधाम से मनायी गयी 738वीं पुण्यतिथि

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सोनार नरहरी सेना के द्वारा वाराणसी मे सिन्धोरा रोड स्थित अमन लान मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सोनार संत शिरोमणि नरहरी दास की 738वीं पुण्यतिथि। सोनार नरहरी सेना के राष्ट्रीय संस्थापक राहुल सिंह स्वर्णकार ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोनार संत नरहरी दास की पुण्यतिथि विभिन्न जिलों विभिन्न प्रांतो से समाज के लोगों के बीच मनाने का कार्य किया गया एवं सोनार संत नरहरी दास के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत कीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशिकांत पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सोनार समाज के बच्चे सामाजिक राजनीतिक शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य करें`कार्यक्रम के अतिथि पीएम सिंह पूर्व अपर जिला जज ने सोनार संत नरहरी

छात्रावास की सराहना की जिसमें सोनार समाज के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा सोनार संत नरहरी छात्रावास में उपलब्ध कराया जाता है। संतोष कुमार जड़िया डायरेक्टर फाइनेंस पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने सोनार नरहरी सेना के कार्यों की सराहना की एवं सोनार समाज को आगे बढ़-चढ़कर सोनार नरहरी सेना से जुड़कर संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार कर जन- जन की सम्मान सुरक्षा हक की लड़ाई के लिए आगे आने के लिए अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित कुमार सर्राफ राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, प्रमोद वर्मा राष्ट्रीय संरक्षक,राकेश वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शुभ सेठ जिलाध्यक्ष मछली शहर, कुंदन सेठ, दिलीप सेठ, अमर जौहरी, एडवोकेट सुजीत वर्मा, जिलाध्यक्ष जौनपुर डॉक्टर शनि सेठ, अनिल सेठ, जिलाध्यक्ष चंदौली नंदलाल वर्मा, जिलाध्यक्ष गाजीपुर मुन्ना सेठ, जिलाध्यक्ष भदोहीं आनंद सेठ, जिलाध्यक्ष मिजार्पुर दिलिप सेठ, मंडल अध्यक्ष वाराणसी रिंकी सेठ,महिला मंच जिलाध्यक्ष सोनी सेठ, महिला मंच महानगर अध्यक्ष मुन्ना राम सोनी, जिलाध्यक्ष सासाराम सुरज सेठ, प्रदेश मिडिया प्रभारी सतीश सेठ सहित इत्यादि हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

राज्यसभा चुनाव में बीजेपी का साथ देंगे राजा भैया

प्रखर लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को वोटिंग होगी। बीजेपी के आठ और सपा के तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस बीच, कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने साफ कर दिया है कि वह किस पार्टी के पक्ष में वोट देंगे। सोमवार को राजा भैया ने लखनऊ में कहा कि जनसत्ता दल का वोट भारतीय जनता पार्टी के साथ है। मुझे मॉक वोटिंग प्रशिक्षण की कोई आवश्यकता तो नहीं। 32 साल हो गए हैं विधायक रहते हुए पर भोजन अवश्य करेंगे। आपको बता दें कि 10 सीटों पर 11 उम्मीदवार होने की वजह से वोटिंग कराने की नौबत बन गई है। बीजेपी ने आठवें उम्मीदवार के रूप में संजय सेठ को उतारकर खेला कर दिया है। राजा भैया के दो वोटों के लिए सपा और बीजेपी के नेता लगातार प्रयास कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों के भीतर सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी राजा भैया के घर जाकर उनसे मुलाकात कर चुके हैं। सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी मिल आए हैं। एक दिन पहले रविवार को अमेठी में राजा भैया ने मीडिया से बातचीत की थी।

उस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक उनका किसी दल के साथ गठबंधन नहीं हुआ है। उनसे मिलने सपा और बीजेपी के नेता आए हैं। जल्द ही इस बारे में फैसला लिया जाएगा। राजनीति में बातचीत होती रहनी चाहिए, बातचीत बंद थी। फिर से शुरू हो गई है यह अच्छी बात है। रिश्ते अच्छे रहने चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

कारगिल शहीद राम दुलार यादव के गांव में राज्य स्तरीय वॉली बॉल प्रतियोगिता 27 व 28 को

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कारगिल वीर अमर शहीद रामदुलार यादव की पावन भूमि क्षेत्र मुहम्मदाबाद के ग्राम पडैनिया में स्व0 मास्टर श्याम नारायण यादव की स्मृति में दिनांक 27 एवं 28 फरवरी दिन मंगलवार एवं बुधवार को प्रातः 10 बजे से राज्य स्तरीय वॉली बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। मैच का लाइव प्रसारण टीवी एवं यूट्यूब के माध्यम से भी दिखाया जायेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं छात्र नेता शैलेश यादव ने लोगों से अपील की है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर दूर दराज से आए हुए खिलाड़ियों के मनोबल का उत्साहवर्धन करें। छात्र नेता शैलेश यादव ने बताया कि जो क्षेत्रीय टीमें खेल में प्रतिभाग करना चाहती हैं वह दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से पहले उपस्थित होकर कमेटी से संपर्क कर सकती हैं।

पति के साथ नहीं रहना मुझे रोज लाके नही देता मोमोज, महिला की शिकायत पर पुलिस भी हैरान!

प्रखर आगरा। जिले में एक हैरान करने देने वाला मामला सामने आया है। यहां ससुराल में पति अपनी पत्नी के लिए रोजाना मोमोज लेकर नहीं आता। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इस बात से नाराज होकर पत्नी मायके आ गए। उसने पुलिस ने शिकायत की। कहा कि यह मोमोज नहीं लाता, इसके साथ कैसे रहें। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। मलपुरा थाना क्षेत्र की युवती की शादी आठ महीने पहले पिनाहट क्षेत्र के एक युवक के साथ हुई थी। पति जूता कारीगर है। पत्नी का कहना है कि उसे मोमोज बहुत पसंद हैं। उसे रोजाना खाने के लिए चाहिए। ये बात वह पति को भी बता चुकी। इसके बाद पति मोमोज लेकर नहीं आता। इस वजह से दोनों में झगड़ा हो गया। दो महीने पहले वह मायके आ गई। तब से वहीं है। पति का कहना है कि कभी काम से आते समय लेट हो जाता हूं। तब नहीं ला पाता। याद न रहे तो ऐसा होता है। आगे से ध्यान रखेगा। रोजाना मोमोज लेकर आएगा। इस बात पर दोनों में समझौता हो गया।

माही मृदुल के हिंदी गाने परदेसी की हुई लॉन्चिंग

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सारनाथ क्षेत्र के लेढुपुर स्थित समृद्धि लान में लोकप्रिय गायक माही मृदुल के हिंदी गाने "परदेसी" की लॉन्चिंग किया गया जिसमें पूर्वांचल के 50 कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया परदेसी गीत के बोल संजय पांडे ने दिए हैं व निर्देशन उज्जवल पांडेय ने किया। हिंदी गाना "परदेसी माही मृदुल के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। कार्यक्रम का शुभारंभ "हम लोग" ट्रस्ट के संस्थापक संजय पांडे ने मां सरस्वती के छाया बिंदु पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा इस अवसर पर पूर्वांचल के वरिष्ठ कलाकारों के निर्देशक एस.के.सिंह दूरदर्शन कलाकार काजल श्रीवास्तव,सिंगर सत्या मौजी,एक्ट्रेस चिया त्रिवेदी समेत 50 से अधिक कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्काउटिंग से होता है राष्ट्र निर्माण: प्रबंधक श्याम सिंह

बदलापुर/जौनपुर। सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर जौनपुर में रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक श्याम सिंह ने ध्वज शिष्टाचार एवं प्रार्थना सभा के दौरान कहा कि रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण राष्ट्र निर्माण के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करता है। विशिष्ट अतिथि मुमताज अहमद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षकों के साथ सहयोग करने की सलाह दी, जिससे प्रशिक्षण गुणवत्ता को प्राप्त हो सके। रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. कर्मचन्द यादव ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया।

प्रशिक्षक सुनील यादव एवं सोनम गुप्ता ने रस्सी से विभिन्न प्रकार की गांठ बांधना, पुल बनाना, तम्बू निर्माण इतिहास गतिविधियों में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ.रेखा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रसून सिंह, डॉ.अशेष उपाध्याय,अंकित, विकास, शैलेश विश्वकर्मा, संजय सिंह, रामजीत सहित छात्र-छात्राओं की शिविर में उपस्थिति रही।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं